सतना
04 दिसंबर 2024 बुधवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



भविष्य को देखते ...

@ पेज 7

संक्षिप्त समाचार

## त्रिपुरा में बांग्लादेशियों को नहीं मिलेगा रहना और खाना

- होटल और रेस्टोरेंट ने बायकॉट किया

अगरतला (एजेंसी)। त्रिपुरा के होटल और रेस्टोरेंट संचालकों ने बांग्लादेशी यात्रियों को अपने यहां खाना और कमरा न देने का फैसला लिया है। ऑल त्रिपुरा होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा के चलते सोमवार को इमरजेंसी मीटिंग में यह फैसला लिया। कंपनी के जनरल सेक्रेटरी सैकत बंदोपाध्याय ने कहा- बांग्लादेश



में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहा है। पहले भी ऐसी घटनाएं होती थी पर अब सीमा पार हो चुकी है। हम बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे व्यवहार की आलोचना करते हैं। अस्पताल पहले ही इलाज से मना कर चुके त्रिपुरा और कोलकाता के अस्पताल भी बांग्लादेशियों का इलाज करने से मना कर चुके हैं। त्रिपुरा के अस्पताल ने शनिवार को बांग्लादेशियों का इलाज करने से इनकार कर दिया था। कोलकाता के सिलीगुड़ी में डॉक्टर शेखर बंदोपाध्याय ने अपने प्राइवेट क्लिनिक में तिरंगा लगाकर मैसेज लिखा था।

## बांग्लादेश में चिन्मय प्रभु के वकील पर हमला, हालत गंभीर

ढाका (एजेंसी)। बांग्लादेश में देशद्रोह के आरोप में जेल में बंद धर्मगुरु चिन्मय कृष्ण दास प्रभु के केस की पैरवी करने वाले वकील पर हमला हुआ है। यह दावा कोलकाता में इस्कॉन के प्रवक्ता राधारमण दास ने किया है। राधारमण दास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में रमन रॉय की तस्वीर के साथ कहा- चिन्मय दास के वकील रमन रॉय पर क्रूर हमला हुआ है। वे आईसीयू में जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनकी एकमात्र गलती यह थी कि उन्होंने कोर्ट में चिन्मय प्रभु का बचाव किया। कट्टरपंथियों ने उनके घर



में तोड़फोड़ की और उन पर बेरहमी से हमला किया। बांग्लादेश में इस्कॉन के एक प्रमुख पूर्व नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को पिछले महीने रंगपुर में हिंदू समुदाय के समर्थन में विरोध प्रदर्शन के बाद ढाका में गिरफ्तार किया गया था। उन पर देशद्रोह का आरोप लगाया गया है। 26 नवंबर को ढाका की एक अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। चिन्मय दास की जमानत पर सुनवाई 2 जनवरी तक के लिए टाल दी गई है। द डेली स्टार के मुताबिक यूनुस सरकार ने कोर्ट से समय मांगा जिसके बाद सुनवाई आगे बढ़ा दी गई। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कानूनी मदद न मिलने की वजह से चिन्मय दास की सुनवाई आगे बढ़ाई गई है। चिन्मय दास की पैरवी करने के लिए कोई वकील तैयार नहीं।

## गूगल मैप ने फिर दिखाया 'मौत का रास्ता'

- बरेली में नहर में गिरी तेज रफ्तार कार

**बरेली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बरेली में गूगल मैप के कारण और एक सड़क हादसा हुआ। हालांकि, इस बार गनीमत ये रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई। हालांकि, तीन लोगों के घायल होने की सूचना है। घटना बरेली के बड़ा बाईपास के पास हुई, जब कार नहर में जा गिरी। कार में तीन लोग सवार थे, जो हादसे में घायल हो गए। घायलों की पहचान औरैया निवासी दिव्यांशु प्रताप और उनके दो दोस्तों के रूप में हुई है। तीनों पीलीभीत जा रहे थे।दिव्यांशु ने बताया कि वे गूगल मैप का इस्तेमाल कर बरेली के बड़ा बाईपास पहुंचे। वहां से मैप ने पीलीभीत के दो रास्ते दिखाए जिसमें एक रास्ता हाईवे होते हुए और दूसरा शॉर्टकट रास्ता गांव होते हुए था। ऐसे में उन्होंने शॉर्टकट रास्ते से जाने का निर्णय लिया और आगे बढ़ने लगे।

पांच किलोमीटर आगे जाने के बाद उन्होंने पाया कि कलापुर नहर वाले रास्ते का किनारा कटा हुआ था। कटा हुआ रास्ता देखकर उन्होंने सतर्कता बरती, लेकिन पहिए के नीचे से मिट्टी खिसकी और कार नहर में गिर गई। घटना के संबंध में एसपी सिटी मानुष पारिक ने बताया कि हादसे में तीनों युवकों को हल्की चोट आई है। उन्होंने कहा कि वे गूगल मैप से रास्ता देखकर जा रहे थे। हालांकि, उन्होंने पुलिस को फोन नहीं दिखाया है जिससे उनकी बातें संदेहास्पद लग रही हैं। उनकी कार क्रेन से बाहर निकलवा दी गई है। गौरतलब है कि बीते 10 दिनों में ये इस तरह की दूसरी घटना है।

# तारीख पर तारीख के दिन अब हो गए खत्म

### चंडीगढ़ में मोदी बोले-आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई और मजबूत होगी

### पीएम मोदी ने कहा-भ्रष्टाचार में कार्रवाई की कानूनी अड़चन भी दूर होगी



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** चंडीगढ़ (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को चंडीगढ़ के पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज में 3 नए कानूनों को लागू करने की समीक्षा की। इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह भी उनके साथ रहे। यहां उन्होंने चंडीगढ़ में लागू किए गए कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का डेमो भी देखा। पहले गृह मंत्री अमित शाह ने संबोधन में कहा कि नए कानूनों के बाद हमें अंग्रेजों के जमाने के गुलाम क्रिमिनल सिस्टम से छुटकारा मिल गया है। अब तारीख पर तारीख का खेल खत्म हो गया है।

### लोगों ने सोचा, अंग्रेज चले गए तो उनके कानूनों से मुक्ति मिलेगी

पीएम मोदी ने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ देश में 1857 में विद्रोह शुरू हुआ था। उसके बाद 1860 में अंग्रेजों ने आईपीसी बनाई। इन कानूनों का मकसद भारतीय को दंड देना, उन्हें गुलाम बनाना था। कई लोगों के बलिदान के बाद 1947 में देश को आजादी मिली। जब आजादी की सुबह आई तो कैसे-कैसे सपने थे, लोगों में कितना उत्साह था। लोगों ने सोचा था कि अंग्रेज चले गए हैं तो अंग्रेजों के कानूनों से भी मुक्ति मिलेगी। यह कानून अंग्रेजों के शोषण करने का जरिया थे, जिनसे वह भारत में अपनी सत्ता मजबूत करना चाहते थे। अभी भी हम उसी दंड संहिता के इर्द-गिर्द घूमते रहे।

### गरीब-मजदूर अब कोर्ट-कचहरी से नहीं डरेंगे

पीएम ने कहा कि गरीब व कमजोर लोग कानून के नाम से डरते थे। पहले वह लोग कोर्ट-कचहरी में कदम रखने से डरते थे, लेकिन अब भारतीय न्याय संहिता लोगों की इस मानसिकता को बदलने का काम करेगी। यही सच्चा सामाजिक न्याय है। जिसका भरोसा हमारे संविधान में दिलाया है। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, हर पीड़ित के प्रति संवेदनशीलता से परिपूर्ण है। देश के नागरिकों को इसकी बारीकियों का पता चलना भी उतना ही जरूरी है। पीएम ने कहा कि इन नए कानूनों से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई भी मजबूत होगी। नए कानून से देश की प्रगति मिलेगी। कानूनी अड़चनों से भ्रष्टाचार को लगाम लगाने में जो दिक्कत आती थी, वह दूर होगी। पहले विदेशी निवेशक इसलिए भारत नहीं आते थे कि कई कोई मुकदमा दर्ज हुआ तो सालों निकल जाएंगे। पीएम ने कहा कि कुछ कानून जब बनते हैं तो बहुत चर्चा होती है, जैसे आर्टिकल 370, तीन तलाक पर चर्चा हुई।

## चार दिन बाद ठाणे से मुंबई पहुंचे सीएम शिंदे

- शिवसेना विधायकों से मीटिंग करेंगे

मुंबई/नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र के कार्यकारी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ठाणे से मुंबई स्थित अपने सरकारी आवास वर्षा बंगले पर पहुंच गए हैं। वे शुक्रवार को ठाणे गए थे, अब 4 दिन बाद वापस लौटे हैं। ठाणे में उन्होंने अस्पताल में अपना रुटीन चेकअप कराया, इसके बाद जब उनसे पूछा गया कि तबीयत कैसी है, तो उन्होंने कहा- सेहत अच्छी है। सूत्रों के मुताबिक शिंदे के साथ महायुति के नेताओं की मुलाकात हो सकती है। शिवसेना विधायकों




के साथ भी मीटिंग होनी है। ये मीटिंग देर शाम या रात में होगी और इसमें सरकार गठन पर अहम फैसले होंगे। भाजपा विधायक दल की बैठक कल यानी 4 नवंबर को होगी। इसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ऑब्जर्वर के तौर पर शामिल होंगे। ये दोनों नेता भी आज ही मुंबई पहुंचेंगे। महाराष्ट्र चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को आए थे। महायुति यानी भाजपा-शिवसेना शिंदे-एनसीपी पवार को 230 सीटों का भारी बहुमत मिला, लेकिन 10 दिन बाद भी मुख्यमंत्री का नाम तय नहीं हो पाया है।

# आर्मी कैंप से लापता लैशराम को ढूंढ़ रहे 2000 जवान

### मणिपुर के लीमाखोंग से 9 दिन से हैं गायब ट्रैकर डॉग-ड्रोन भी सर्चिंग में जुटे

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर के लीमाखोंग कैंप से 25 नवंबर को लापता हुए 56 साल के लैशराम को सेना और पुलिस के 2000 जवान मिलकर खोज रहे हैं। मणिपुर पुलिस सोमवार को किए फेसबुक पोस्ट में बताया कि लैशराम का पता लगाने के लिए मणिपुर पुलिस हेलीकॉप्टरों, ड्रोन और सेना के ट्रैकर कुत्तों की मदद ले रही है। इसके लिए टेक्नोलॉजी का सहारा भी लिया जा रहा है। लैशराम कमलबाबू के लापता होने पर सेकमाई पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। इसके बाद 30 नवंबर को सीएम बीरेन सिंह ने कहा था कि लापता शख्स सेना के अधिकारियों के लिए फर्नीचर बनाता था। वह सेना के कैंपस से गायब हुआ इसलिए सेना को ही उसे खोजने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इनर मणिपुर से



कांग्रेस सांसद ए. बिमोल अकोईजाम ने भी मंगलवार को कहा, आर्मी कैंप से एक व्यक्ति के लापता होने का मामले पर मैंने मीडिया के जरिए अपील की थी। जब भी मुझे मौका मिलेगा मैं इस मुद्दे को उठाऊंगा। कांगपोकपी जिले में बना 57वें माउंटेन डिवीजन लीमाखोंग आर्मी कैंप राजधानी इंफाल से लगभग 16 किमी दूर है और पहाड़ियों से घिरा हुआ है। यह एक कुकी बहुल इलाका है। लैशराम, अपने परिवार के साथ इंफाल पश्चिम के खुखरुल में रहते थे। पिछले साल मई में जातीय हिंसा शुरू होने के बाद लीमाखोंग के पास रहने वाले मैतेई लोग भाग गए थे, जिनमें अब तक 250 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। असम के कछार में उधारबोंड के गोसाईपुर रहने वाले लैशराम कमलबाबू सिंह, मेसर्स एल बिनोद कंस्ट्रक्शन में सुपरवाइजर के रूप में काम करते थे। लैशराम 25 नवंबर को रोज की तरह लीमाखोंग आर्मी कैंप के अंदर काम कर रहे थे। लेकिन उसके बाद लापता हो गए। 57 माउंटेन डिवीजन के गेट लॉग से पता चला कि वह कैंप में दाखिल हुए थे लेकिन बाहर नहीं निकले। सीसीटीवी फुटेज से यह साबित हुआ कि 25 नवंबर की सुबह करीब 9.15 बजे लैशराम कैंप में दाखिल हुए लेकिन उन्हें बाहर निकलते नहीं देखा गया। आमतौर पर लैशराम शाम 4 बजे तक घर लौट आते थे, लेकिन जब वह रात 8.30 बजे तक नहीं आए और फोन पर भी उनसे संपर्क नहीं हो पाया, तो उनके परिवार ने पुलिस को खबर की। सिंह के लापता होने के बाद विरोध में बनाई गई संयुक्त कार्रवाई समिति ने सैन्य स्टेशन से लगभग 2.5 किमी दूर कांटो सबल में अपना धरना जारी रखा है। यहां सड़क पर बैरिकेडिंग की गई है। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि सिंह को कुकी उग्रवादियों ने किडनैप कर लिया है। लैशराम की पत्नी अकोईजम बेलारानी भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुई।

## एलएसी पर अभी भी कई इलाकों में जारी है टकराव

### जयशंकर बोले-ऐसा समाधान चाहते हैं जो दोनों पक्षों को स्वीकार हो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को भारत-चीन सीमा विवाद पर संसद को जानकारी दी। विदेश मंत्री ने सदन में कहा कि भारत और चीन बातचीत और कूटनीति के जरिए सीमा विवाद सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्वी लद्दाख में पूरी तरह से डिसइंगेजमेंट हो चुका है। हालांकि एलएसी पर अभी भी कई इलाकों में विवाद है। भारत का मकसद ऐसा समाधान निकालना है, जो दोनों देशों को मंजूर हो। उन्होंने कहा, 2020 के बाद से भारत और चीन के रिश्ते सामान्य नहीं हैं। बॉर्डर पर शांति भंग हुई थी। तब से दोनों देशों के रिश्ते ठीक नहीं हैं। हालांकि हाल ही में हुई बातचीत से स्थिति में कुछ सुधार हुआ है। विदेश मंत्री ने बताया कि भारत और चीन के बीच रिश्ते बेहतर करने के लिए मेरी चीनी विदेश मंत्री से बातचीत हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी अपने समकक्ष चीनी नेता से बातचीत की। इसके अलावा सैन्य स्तर पर सीनियर हाईएस्ट मिलिट्री कमांडर्स बैठकें होती हैं।



## 992 स्पेशल ट्रेनें,हाईटेक गेमिंग जोन और फ्रंट कॉरीडोर

### प्रयागराज महाकुंभ में तीर्थयात्रियों के स्वागत के लिए रेलवे तैयार

प्रयागराज (एजेंसी)। महाकुंभ 2025 का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में होने वाला है। दुनिया भर के करोड़ों श्रद्धालुओं के जुटने की उम्मीद के बीच, भारतीय रेलवे ने आयोजन को सफल और सुगम बनाने के लिए कई अत्याधुनिक व्यवस्थाएं शुरू की हैं।

रेलवे का मुख्य उद्देश्य महाकुंभ के दौरान तीर्थयात्रियों को सुविधाजनक, सुरक्षित और समय पर यात्रा का अनुभव प्रदान करना है। प्रयागराज मंडल का नया कंट्रोल रूम अत्याधुनिक तकनीक से लैस है। यहां बड़ी स्क्रीन पर स्टेशनों की ट्रेन वेक्टर रीडआउट, सिग्नल इंटरलॉकिंग प्लान, यार्ड डायग्राम और लाइन की उपलब्धता




की जानकारी उपलब्ध रहेगी। आपात स्थिति में डेडिकेटेड फ्रंट कॉरीडोर के कंट्रोल रूम से सीधा संवाद स्थापित करने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, सीसीटीवी के जरिए प्रमुख स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन पर नजर रखी जाएगी। रेलवे ने कुंभ मेले के दौरान 992 विशेष ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। इनमें से 300 से ज्यादा ट्रेनें मौनी अमावस्या के विशेष स्नान पर्व के दौरान चलाई जाएंगी। इसके साथ ही 140 गुजरने वाली ट्रेनों को प्रयागराज क्षेत्र में ठहराव दिया गया है, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु इनका लाभ उठा सकें। इसमें उत्तर रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे डिवीजन की अहम भूमिका होगी। रेलवे ने इन विशेष ट्रेनों के लिए 174 लंबी रेक तैनात करने की योजना बनाई है। यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए 933 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है।



# बदल रहा है 'मौसम', अबकी कम दिन चलेगी शीतलहर

### गुलमर्ग में हुई बर्फबारी, हवा की रफ्तार बढ़ने से दिल्ली में प्रदूषण घटा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस बार की सर्दियों में शीतलहर वाले दिन यानी कोल्डवेव डेज कम होंगे। दिसंबर से लेकर जनवरी-फरवरी तक देश के कई हिस्सों में तापमान भी सामान्य रहेगा। मौसम विभाग ने सोमवार को ठंड को लेकर पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग के मुताबिक राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल, उत्तराखंड, झारखंड, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात में अगले तीन महीने के दौरान कोल्ड वेव डेज 2 से 6 दिन कम हो सकते हैं। वहीं, दिसंबर में पहाड़ी राज्यों को छोड़कर बाकी जगह



कोल्ड वेव डेज की संभावना बेहद कम है। नॉर्थ वेस्ट, नॉर्थ ईस्ट में बारिश भी कम होगी। इस बीच दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण अभी भी खतरनाक स्तर पर बना हुआ है। यहां मंगलवार सुबह 9 बजे तक एक्यूआई 308 रिकॉर्ड किया गया। इधर, जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग और सोनमर्ग में सोमवार रात बर्फबारी हुई। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ जिलों में पारा 10 डिग्री तक पहुंच गया। दक्षिण भारत के 3 राज्य कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल में फेंगल तूफान के कारण भारी बारिश हो रही है।

# राज्यपाल पटेल भोपाल गैस त्रासदी श्रद्धांजलि सभा में हुए शामिल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल मंगलवार को भोपाल गैस त्रासदी की 40वीं बरसी पर दिवंगतों की स्मृति में सेंट्रल लाइब्रेरी बरकतउल्ला भवन में आयोजित श्रद्धांजलि एवं सर्वधर्म सभा में शामिल हुए। सभा में दिवंगतों की स्मृति में विभिन्न धर्माचार्यों द्वारा पाठ किया गया। राज्यपाल श्री पटेल और उपस्थितजनों ने सभा में दिवंगतों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि भी दी। श्रद्धांजलि सभा में जनजातीय कार्य, भोपाल गैस त्रासदी एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, महापौर श्रीमती मालती राय, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, प्रमुख सचिव श्री संदीप यादव सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहें।



## कंपनी द्वारा ऑनलाइन अपील पोर्टल विकसित

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी के कार्मिकों के विरुद्ध होने वाली कार्रवाई को लेकर एक अपील पोर्टल तैयार किया गया है। उस पर ऑनलाइन अपील अभ्यावेदन स्वीकार किए जाएंगे। साथ ही प्रकरणों के निराकरण की जानकारी भी पोर्टल पर उपलब्ध कराई जाएगी। मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के अंतर्गत अधिकारियों तथा कर्मचारियों के विरुद्ध पारित दंडादेश के विरुद्ध कंपनी द्वारा संबंधित अपीलार्थी से ऑनलाइन अपील अभ्यावेदन प्राप्त करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिये कंपनी द्वारा अपील पोर्टल तैयार किया गया है जिसका लिंक है।

## प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का प्रभावी क्रियान्वयन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का प्रभावी क्रियान्वयन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके लिये लोक शिक्षण आयुक्त की अध्यक्षता में वरिष्ठ अधिकारियों की 13 समितियाँ गठित की गयी हैं। यह समितियाँ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न ग्रुप एवं क्षेत्रों से संबंधित हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के बेहतर क्रियान्वयन के लिये स्कूल शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में टास्क फोर्स का गठन किया गया है। इसमें स्कूल शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी पदेन सदस्य हैं। टॉस्क फोर्स में शासकीय एवं अशासकीय शिक्षाविदों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। प्रदेश में गठित 13 समितियों एवं टॉस्क फोर्स के सदस्यों के लिये राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं उसके क्रियान्वयन के संबंध में परिचर्चा भी आयोजित की जा चुकी हैं। इनमें अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन के साथ समन्वय कर शिक्षा विशेषज्ञों के उद्बोधन कराये गये हैं। केन्द्र सरकार के दिशा-निर्देश अनुसार न्यूज एजुकेशन पॉलिसी ट्रेकर को नियमित रूप से अपडेट किया जा रहा है। प्रदेश के लिये राज्य पाठ्यचर्या फाउण्डेशन स्टेज 2022 के लिये एनसीएफ-एफएस-2022 को आधार मानते हुए राज्य के संदर्भ में परीक्षण करने के लिये राज्य शिक्षा केन्द्र स्तर पर 10 कार्य समूहों का गठन कर समूहों द्वारा तैयार प्रतिवेदन को अनुशंसा के साथ पाठ्य-पुस्तक स्थायी समिति की बैठक में प्रस्तुत किया गया है। इसके बाद इस अनुशंसा पर राज्य शासन से अनुमोदन भी प्राप्त किया जा चुका है। प्रदेश में पाठ्यचर्या एवं पाठ्य-पुस्तकों पर एससीएफ-एफएस के अनुरूप कार्यवाही की जा रही है।

## निजी चिकित्सालयों में दर सूची प्रदर्शित करना अनिवार्य

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** आयुक्त, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री तरुण राठी ने प्रदेश के सभी निजी चिकित्सालयों (नर्सिंग होम) को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अस्पताल में प्रदायित सभी चिकित्सकीय सेवाओं की दर सूची (रेट लिस्ट) प्रमुखता से प्रदर्शित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नागरिकों के हितों की रक्षा करते हुए उन्हें बेहतर और पारदर्शी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिये यह महत्वपूर्ण है। निजी चिकित्सालयों में काउंटर पर दर सूची का प्रदर्शन अनिवार्य है। रोगी या उनके परिवारजन द्वारा मांग करने पर दर सूची दिखाना अस्पताल प्रबंधन का दायित्व भी होगा। इसके अलावा, यदि किसी अस्पताल को दर सूची में संशोधन करना हो, तो इसकी लिखित सूचना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को देना आवश्यक है। संशोधित दर सूची को भी प्रमुखता से प्रदर्शित करना होगा। इसका उद्देश्य रोगियों के अधिकारों की रक्षा करने और स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता लाना है। यह निर्देश म.प्र. उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं अधिनियम, 1973 और नियम, 1997 (यथासंशोधित 2021) के नियम 17 के अनुसार जारी किए गए हैं। सभी निजी चिकित्सालयों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे इन प्रावधानों का पालन करें। आयुक्त श्री राठी ने समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को इसके अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। दर सूची के बिना अतिरिक्त शुल्क लेना नियमों का उल्लंघन है, मनमानी शुल्क वसूलने की घटनाओं को रोकने के लिए सतत निरीक्षण करने के आयुक्त ने निर्देश दिये हैं।

## कलेक्टर श्री सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति गठित

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** वृन्दावन ग्राम योजना अंतर्गत प्रत्येक विकासखण्ड में एक-एक ग्राम को वृन्दावन ग्राम के रूप में विकसित किए जाने का निर्णय लिया गया है। योजना के सतत पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किए जाने के निर्देश दिए गए है। वृन्दावन ग्राम योजना के क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति में कलेक्टर जिला भोपाल अध्यक्ष, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भोपाल सदस्य-सचिव, उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग, वनमण्डलाधिकारी वन विभाग, उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग एवं सहायक संचालक जिला हाथकरघा कुटीर एवं ग्रामोद्योग भोपाल को सदस्य बनाए गए हैं।

## लोक कल्याण शिविरों का आयोजन 04 एवं 18 दिसंबर को

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** जन समस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण के लिए ग्राम पंचायत, वार्ड स्तर पर लोक कल्याण शिविर 04 एवं 18 दिसंबर 2024 को आयोजित जाएंगे जिनमे विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के लाभ दिये जाने में आने वाली समस्याएं एवं जनशिकायतों का आयोजन स्थल पर निराकरण किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भोपाल श्री ऋतुराज सिंह ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 04 एवं 18 दिसंबर को आयोजित लोक कल्याण शिविर में सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रह कर शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों, प्रकरणों को पंजीबद्ध कर निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करें। लोक कल्याण शिविर का आयोजन 04 दिसंबर को ग्राम पंचायत, अरहेडी, ज.पं. फंदा, ग्राम पंचायत, रतुआ रतनपुर ज.पं. बैरसिया एवं 18 दिसंबर को ग्राम पंचायत, सेवनिया ओंकारा, ज.पं. फंदा ग्राम पंचायत, सोहाया, ज.पं. बैरसिया में प्रात: 11 बजे से सायं 04 बजे तक लोक कल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

## एमपी ट्रांसको राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित राजभाषा शील्ड से सम्मानित



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी को राजभाषा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित राजभाषा सम्मान शील्ड से पुरस्कृत किया गया है। यह शील्ड कन्याकुमारी में राजभाषा प्रबंध विकास संस्था नई दिल्ली द्वारा आयोजित हुए हिंदी राजभाषा सम्मेलन में प्रदान की गई है। इस सम्मेलन में भारत की सभी नवरत्न कंपनियों सहित केंद्रीय एवं देश की विभिन्न प्रादेशिक स्तर के शासकीय उपक्रमों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की ओर से इस सम्मेलन में अधीक्षण अभियंता श्री राजेश दीक्षित ने प्रतिनिधित्व किया। श्री दीक्षित की उत्कृष्ट प्रस्तुति तथा प्रभावशाली व्याख्यान के कारण मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी को यह प्रतिष्ठित और गौरवशाली शील्ड प्राप्त हो सकी। उन्होंने अपने व्याख्यान से सम्मेलन को अवगत कराया कि मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी का कार्य क्षेत्र पॉवर सेक्टर में अत्यंत तकनीकी स्वरूप का है ,इसके बावजूद कैसे कंपनी देश की राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक उपयोग के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्मिकों को हिंदी में उत्कृष्ट कार्य के लिए यह शील्ड प्राप्त होने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि यह मध्यप्रदेश के लिए सम्मान का विषय है कि एक तकनीकी संस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट हिंदी कार्य के लिए इतना गौरवशाली और प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ है।

## वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी श्री कैलाश मकवाणा ने पुलिस महानिदेशक का कार्यभार संभाला



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भारतीय पुलिस सेवा के वर्ष-1988 बैच के वरिष्ठ अधिकारी श्री कैलाश मकवाणा ने सोमवार को प्रातत्काल मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक का कार्यभार ग्रहण किया। पुलिस महानिदेशक का कार्यभार संभालने के लिए पुलिस मुख्यालय पहुँचने पर श्री मकवाना को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। श्री कैलाश मकवाणा इससे पहले चेयरमेन म.प्र. पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन भोपाल के रूप में पदस्थ थे। भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी श्री मकवाणा अभियांत्रिकी में स्नातकोत्तर (एम.टेक.) हैं। उल्लेखनीय पुलिस कार्यो के लिए उन्हें वर्ष 2005 में राष्ट्रपति के सराहनीय सेवा पदक और वर्ष 2014 में विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया था। श्री मकवाणा दंतेवाड़ा, बस्तर, मंदसौर व बैतूल जिले के पुलिस अधीक्षक रह चुके हैं। उन्होंने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रबंध, सीआईडी, इंटेलीजेंस, प्रशासन व नारकोटिक्स के दायित्व का निर्वहन भी किया है। इसके अलावा स्पेशल डीजी सीआईडी एवं डीजी (विशेष पुलिस स्थापना) लोकायुक्त के रूप में भी पदस्थ रहे हैं।

मध्यप्रदेश पुलिस के नव नियुक्त पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) श्री कैलाश मकवाणा ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि वह मुख्यमंत्री महोदय का आभार व्यक्त करते हैं कि मुख्यमंत्री जी ने जिस विश्वास और जिम्मेदारी के साथ उन्हें यह दायित्व सौंपा है

## मंत्री सारंग ने दिवंगत गैस पीड़ितों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने भोपाल गैस त्रासदी की 40वीं बरसी की पूर्व संध्या के मौके पर सोमवार को भोपाल गैस त्रासदी के दिवंगतों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती मालती राय एवं बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव सहित अस्पताल के कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने नम आंखों से गैस त्रासदी के दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी एवं दो मिनट का मौन रखा। श्री सारंग ने कहा कि 2 और 3 दिसंबर की रात में हुई गैस त्रासदी पूरी मानव जाति के लिए भयावह त्रासदी है। इस त्रासदी ने हमें यह सिखाया कि विकास और औद्योगिकीकरण का अपना महत्व है, लेकिन इसे किसी भी व्यक्ति की जान से



बड़ा नहीं होना चाहिए। उस रात जो हुआ, वह सभी के लिये भयावह है। इस मौके पर मंत्री श्री सारंग एवं महापौर ने अस्पताल भर्ती मरीजों को हेल्थ किट वितरित किए। बाद में सभी वार्डों में भर्ती मरीजों को हैल्थ किट बांटे गए। भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) के 25वें वर्ष में प्रवेश करने पर डाक विभाग द्वारा मंगलवार 3 दिसम्बर को एक विशेष आवरण जारी किया जाएगा तथा सर्वधर्म सभा आयोजित होगी और बुजुर्ग गैस पीड़ितों का सम्मान किया जाएगा। 3 दिसंबर को सुबह 8:30 बजे से बीएमएचआरसी के 'श्रद्धांजलि एवं आशा' स्मारक के पास सर्वधर्म सभा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सभी धर्मों के धर्मगुरू अपने-अपने धर्मग्रंथों का पाठ करेंगे। इसके बाद 85 वर्ष अधिक उम्र के गैस पीड़ित बुजुर्ग मरीजों का सम्मान किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से बीएमएचआरसी के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण, निशुल्क जांच एवं दवा वितरण, गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी। शिविरों में आभा तथा आयुष्मान आईडी बनाई जाएंगी। रोटरी क्लब एवं महावीर इंटरनैशनल नामक संस्थाओं द्वारा गरीब मरीजों के लिए कंबल भी दान किए गए।

## भोपाल की पहचान टाइगर राजधानी के रूप में होगी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल और मार्गदर्शन पर 2 दिसम्बर, 2024 को रातापानी को प्रदेश का आठवाँ टाइगर रिजर्व घोषित कर दिया गया है। राज्य शासन द्वारा इसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी है। प्रस्तावित रातापानी टाइगर रिजर्व के कोर एरिया का रकबा 763.812 वर्ग किलोमीटर तथा बफर एरिया का रकबा 507.653 वर्ग किलोमीटर है। इस प्रकार टाइगर रिजर्व का कुल रकबा 1271.465 वर्ग किलोमीटर होगा।

रातापानी टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र की सीमा के अंदर स्थित राजस्व ग्राम झिरी बहेड़ा, जावरा मलखार, देलावाड़ी, सुरई ढाबा, पांझिर, कैरी चौका, दांतखो, साजौली एवं जैतपुर का रकबा 26.947 वर्ग किलोमीटर राजस्व भूमि इन्क्लेव के रूप में बफर क्षेत्र में शामिल है। टाइगर रिजर्व में भौगोलिक रूप से स्थित, उक्त 9 ग्राम अभयारण्य की अधिसूचना में कोर क्षेत्र में शामिल नहीं हैं।

रातापानी टाइगर रिजर्व बनने से टाइगर रिजर्व का सम्पूर्ण कोर क्षेत्र रातापानी टाइगर अभयारण्य की सीमा के भीतर है। इससे ग्रामीणों के वर्तमान अधिकार में कोई परिवर्तन नहीं होगा। इससे स्थानीय ग्रामीणों को पर्यटन से नये रोजगार सृजित होंगे, जिससे आर्थिक लाभ होगा। टाइगर रिजर्व गठित होने से भारत सरकार के राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण से बजट प्राप्त होने से वन्य-प्राणियों का और बेहतर ढंग से प्रबंधन किया जा सकेगा। इसके साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को ईको टूरिज्म के माध्यम से लाभ प्राप्त होगा। टाइगर रिजर्व बनने से रातापानी को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिलेगी तथा भोपाल की पहचान 'टाइगर राजधानी'' के रूप में होगी।

## ग्लोबल स्किल पार्क एशिया का एक मात्र विश्वस्तरीय संस्थान : उद्यमिता विकास मंत्री अग्रवाल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजनरी नेतृत्व में स्किल इंडिया के तहत युवाओं को कौशल की आधुनिक तकनीकी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। युवाओं को प्रशिक्षण के लिये सिंगापुर के सहयोग से एशिया के एकमात्र विश्वस्तरीय संत शिरोमणी रविदास ग्लोबल स्किल पार्क का निर्माण किया गया। यहाँ वैश्विक मानकों के अनुरूप एडवांस्ड तकनीक का प्रशिक्षण दिया जाता है। कौशल विकास एवं प्रशिक्षण के क्षेत्र में नवाचारों एवं एडवांस्ड ट्रेड्स की जानकारी लेने उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री



कपिल देव अग्रवाल ने कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल के साथ संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क में के अधिकारियों के साथ चर्चा की। कौशल विकास एवं रोजगार सचिव श्री राजेन्द्रन रघुराज एवं अधिकारियों ने जीएसपी की कार्यप्रणाली, पाठ्यक्रमों, इंडस्ट्री कनेक्ट, एडमिशन प्रक्रिया, पोस्ट प्लेसमेंट सपोर्ट और डिमांड बेस्ड स्किल ट्रेनिंग और नवाचारों की विस्तृत जानकारी दी।

मंत्री श्री टेटवाल एवं मंत्री श्री अग्रवाल एवं ने जीएसपी की विश्वस्तरीय प्रयोगशालाओं, क्लास रूम्स, ऑडिटोरियम सहित पूरे संस्थान का भ्रमण किया। मंत्री द्वय ने क्लास रूम में पहुँचकर विद्यार्थियों से संवाद किया। विद्यार्थियों ने अपनी शिक्षण पद्धतियों और अनुभवों को साझा किया। मंत्री द्वय ने विद्यार्थियों को निरंतर प्रगति के लिये प्रेरित किया। मंत्री श्री अग्रवाल जीएसपी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे उ.प्र. के विद्यार्थियों से मिले और सबके साथ ग्रुप फोटो खिंचवाया।

मंत्री द्वय ने इस बात पर बल दिया कि ग्लोबल स्किल पार्क तक विद्यार्थियों को लाने के लिये प्रयासों को और सशक्त बनाना होगा। साथ ही इंडस्ट्री के विभिन्न सेक्टर्स की मांग के अनुरूप तय समय-सीमा में विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने की जरूरत पर बल दिया।

## जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के लिए विशेष प्रयास किये जाएंगे - मंत्री डॉ. शाह

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने सोमवार को मंत्रालय में जनजातीय कार्य विभाग कीसंचालित योजनाओं और गतिविधियों की गहन समीक्षा की। मंत्री डॉ. शाह ने विभागीय योजनाओं के डिलेवरी सिस्टम को और अधिक प्रभावी और मजबूत बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनजातीय संस्कृति के संरक्षण के लिए विशेष प्रयास किए जाने चाहिए। प्रदेश के प्रत्येक जनजातीय विकासखंड में जनजातीय संस्कृति संरक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे। मंत्री डॉ. शाह ने



कहा कि जनजातीय संस्कृति संरक्षण केंद्र में प्रदेश के सभी जनजातियों की देशज संस्कृति, पारम्परिक रहन-सहन, भाषा-बोली,खान-पान, आचार-विचार, पहनावा,लोकगीत और लोकनृत्य की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इस केन्द्र के जरिये शोधकर्ताओं को जनजातीय समुदाय के अतीत में हुए क्रमिक विकास से जुड़ी साहित्य सामग्री और आवश्यक होने पर प्रशिक्षण आदि भी दिया जा सकेगा। यहां जनजातियों की पारम्परिक व्यंजन विधि और सांस्कृतिक विविधताओं को भी संरक्षित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।

मंत्री डॉ. शाह ने जनजातीय कार्य विभाग के अधीन सभी प्रकार की छात्रावासों के सुचारू संचालन के लिए छात्रावास अधीक्षकों का अलग से कैडर बनाने की मंशा व्यक्त की। उन्होंने बताया कि जल्द ही बड़ी संख्या में छात्रावास अधीक्षकों के नये कैडर के अनुसार सभी रिक्त एवं नये पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जल्द ही विभाग के सभी छात्रावासों में स्थायी अधीक्षक होंगे। मंत्री डॉ. शाह ने समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन) की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

# विधायक ने किया गोपालदास बांध गहरीकरण, नवीनीकरण एवं मार्ग चौड़ीकरण का भूमिपूजन

## प्रदेश की डबल इंजन की सरकार विकास हेतु पूरी तन्मयता से कार्य कर रही है और हर क्षेत्र का समुचित विकास हो रहा है: विधायक

### सिंचाई सुविधा में होगा विस्तार, पर्यटन और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा





**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** विधायक सीधी रीती पाठक द्वारा मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद से 301.71 लाख रुपये लागत के गोपालदास बांध गहरीकरण, नवीनीकरण एवं मार्ग चौड़ीकरण का भूमिपूजन किया गया। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के माध्यम से न केवल बांध को नया जीवन मिलेगा, बल्कि यह जिलेवासियों के लिए पर्यटन और रोजगार का नया केंद्र भी बनेगा।

विधायक पाठक ने कहा कि यह परियोजना सीधी जिले के विकास को नई दिशा देगी। न केवल जिले के निवासी इस परियोजना से लाभान्वित होंगे, बल्कि यह बाहरी पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और जिले के समग्र विकास में बड़ा योगदान होगा। गोपालदास बांध का यह बदलाव क्षेत्र के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा और आने वाले समय में इसे सीधी जिले का एक प्रमुख केंद्र बनाएगा। विधायक ने कहा कि गोपालदास बांध का गहरीकरण एवं नवीनीकरण से बांध के जल संग्रहण क्षमता बढ़ेगी, जिससे सिंचाई और पेयजल सुविधाओं में सुधार होगा। मार्ग चौड़ीकरण से आवागमन सुगम होगा और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बेहतर बनेगी। बांध के सौंदर्यीकरण और सुविधाओं के विकास से यह क्षेत्र पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस परियोजना के माध्यम से गोपालदास बांध को एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। आसपास के क्षेत्रों में पर्यटकों के आकर्षण के लिए विशेष सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके परिणामस्वरूप होटल, रेस्तरां, गाइड सेवाएं और अन्य पर्यटन आधारित गतिविधियां बढ़ेंगी, जो स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगी।

विधायक पाठक ने जिले में हो रहे विकास कार्यों का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को देते हुए कहा कि प्रदेश की डबल इंजन की सरकार विकास हेतु पूरी तन्मयता से कार्य कर रही है और हर क्षेत्र का समुचित विकास हो रहा है। जिले में विकास के साथ-साथ जल, जंगल, जमीन पर चर्चा की जा रही है। मुख्यमंत्री द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के लिए चिंता कर जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई जा रही हैं जिससे प्रदेश और देश सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि जिले में विकास के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद के साथ-साथ विधायक निधि के माध्यम से विकास और अधोसंरचना का कार्य किया जा रहा है। गोपाल दास बांध के विकास कार्यों के साथ ही जिला अस्पताल में व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालन के लिए 7 करोड़ रुपए दिया गया है जिससे मरीजों का व्यवस्थित इलाज किया जा सके। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर अच्छा काम होने पर गांव तक विकास से जुड़ता है। मुख्यमंत्री द्वारा विधायकों को विधायक निधि के माध्यम से विकास के लिए राशि दी जाती है जिससे मैं और आपकी सरकार सबके सुख-दुख में आपके साथ है। विधानसभा क्षेत्र के समस्त नागरिकों की जिम्मेदारी मेरी है विधानसभा में जो भी व्यवस्थाएं और अव्यवस्थाएं हैं उसकी चिंता और जिम्मेदारी मेरी है। शिक्षा के क्षेत्र में, स्वास्थ्य के क्षेत्र में, अधोसंरचना के क्षेत्र में निरंतर प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन के द्वारा पाइपलाइन के माध्यम से पानी, आयुष्मान कार्ड के माध्यम से उपचार, प्रधानमंत्री सड़क योजना के माध्यम से ग्रामों को मुख्य मार्ग से जोड़कर विकास की कड़ी में जोड़ा गया है। भारत 2047 तक विकसित भारत के रूप में आत्मनिर्भर बनेगा। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जी ने बेटियों की शादी, गरीबों के इलाज और हमारे महिलाओं को सशक्तिकरण के लिए लाडली बहना योजना का संचालन किया है जिससे महिलाओं की आर्थिक की स्थिति में सुधार हुआ है और महिलाएं सशक्त हुई हैं।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, जनपद पंचायत सीधी के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, देव कुमार सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप शुक्ला, पार्षद बाबूलाल कुशवाहा सहित जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे।

# शराब कंपनी के कर्मचारी से कट्टा अड़ाकर लूट

## 5 बदमाशों ने दो बार मारपीट की, पुलिस के सामने फायरिंग कर भागे





**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर में मंगलवार दोपहर पांच लोगों ने शराब कंपनी के एक कर्मचारी को रोककर कट्टा अड़ाकर उनसे लूट की। उसके बाद डंडों और चप्पलों से जमकर पीटा। आरोपियों ने पुलिस के सामने फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। घटना का वीडियो भी सामने आया है। मामला गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम निवारी का है।

शराब कंपनी का कर्मचारी शिवम पाल मंगलवार दोपहर 12 बजे कार से गढ़ीमलहरा शराब दुकान से 1 लाख 90 हजार रुपए कैश लेकर निवारी शराब दुकान जा रहा था। तभी निवारी बस स्टैंड पर गांव के ही धीरेंद्र राजा और छोटू राजा सहित 5 लोगों ने कार रोकी और पैसे लूट लिए। इसके बाद डंडों और चप्पलों से गाली-गलौज करते हुए मारपीट भी की।

**दो बार मारपीट, पुलिस के सामने फायरिंग:** आरोपियों ने शराब कंपनी के कर्मचारी को आधा किलोमीटर पहले रोका था। यहां इन लोगों में मारपीट की और वहां से भाग गए। इसका भी एक वीडियो भी सामने आया है। इसके बाद कुछ दूरी पर आरोपियों ने फिर उसे रोका और शिवम पाल के साथ फिर मारपीट की। इस दौरान वहां पुलिस पहुंच गई थी। आरोपियों ने पुलिस के सामने ही फायरिंग भी की।

**पीड़ित कर्मचारी बोला- 5 लोगों ने मारपीट की:** शराब कंपनी के पीड़ित कर्मचारी शिवम पाल ने कहा- मैं गढ़ीमलहरा शराब दुकान से निवारी शराब दुकान 1 लाख 90 हजार रुपए कैश लेकर जा रहा था। धीरेंद्र राजा और छोटू राजा ने निवारी बस स्टैंड पर दो अन्य लोगों के साथ मिलकर मुझे रोका और घेराबंदी करके गाली-गलौज करते हुए डंडों और चप्पलों से पीटा। 2 फायर भी किए। उन्होंने पुलिस के सामने भी एक फायर किया। मारपीट करने वाले पांच लोग थे। नौगांव एसडीओपी चंचलेश मरकाम ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही सभी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

### जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत ने सुनी 110 आवेदकों की समस्याएं निराकरण के दिए निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 110 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### विधायक ने किया एडवांस एक्स-रे डी.आर. सिस्टम हाई टेक्नोलॉजी का शुभारंभ

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** विधायक सीधी रीती पाठक द्वारा जिला चिकित्सालय सीधी में एडवांस एक्स-रे डी.आर. सिस्टम हाई टेक्नोलॉजी का शुभारंभ किया गया। एडवांस एक्स-रे डी.आर. सिस्टम हाई टेक्नोलॉजी संचालित होने से सीधी जिले के आम जनमानस को उन्नत एक्स-रे की सुविधा का लाभ मिलेगा। विधायक पाठक ने कहा कि जिले वासियों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। स्वास्थ्य अधोसंरचना के क्षेत्र में शासन द्वारा प्राथमिकता से व्यय किया जा रहा है। जिला अस्पताल में व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालन के लिए 7 करोड़ रुपए दिया गया है जिससे मरीजों का व्यवस्थित इलाज किया जा सके। विधायक ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना देश वासियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इसके माध्यम से लोगों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा दी जाती है। अब प्रधानमंत्री जी के निर्देश पर 70 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। विधायक ने अस्पताल प्रबंधन को पूरे सेवाभाव से योजनाओं के क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को शासन की मंशानुसार बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाए, उनमें किसी भी प्रकार का असंतोष या भटकाव नहीं हो।

# ट्रैक्टर चालक ने तीन को कुचला, एक की मौत, 2 साल की बच्ची समेत दो घायल, ट्रैक्टर ड्राइवर फरार



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर में ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वृद्ध महिला और 2 साल की मासूम बच्ची घायल है। महिला की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रैफर किया गया है। हादसा ट्रैक्टर के अनियंत्रित होने से हुआ। धनीराम पिता सेवा लोधी (45) निवासी ग्राम गर्रोली मंगलवारर सुबह 8 बजे ट्रैक्टर से मलकोवा के रहने वाले देवेंद्र लोधी के साथ खाद लेने आया था। घर के बाहर सहोदरा (65) अपनी 2 साल की नातिन रोही को गोद में लेकर घर के बाहर बैठी थी।

देवेंद्र ने 15 दिन पहले ही महिंद्रा ट्रैक्टर खरीदा था, इसलिए उसे उसे अच्छे से नियंत्रित नहीं कर पाया और ट्रैक्टर वृद्ध सहोदरा की ओर मुड़ गया। पास ही खड़े धनीराम ने महिला और बच्ची को बचाने की कोशिश की। ट्रैक्टर की चपेट में आने से धनीराम, महिला और मासूम बच्ची घायल हो गए। परिजन तीनों को अस्पातल लेकर पहुंचे। सहोदरा और धनीराम को गंभीर चोट आने पर जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान धनीराम ने दम तोड़ दिया। गर्रोली पुलिस ने मामले की जांच में लिया है।

भाई बालक दास ने बताया कि भाई वृद्ध महिला को बचाने के लिए दौड़ा था, तभी ट्रैक्टर चालक ने उसे कुचलते हुए दीवार में तीन बार टक्कर मारी। भाई की मौत हो गई है। डॉ. अभय सिंह ने बताया कि सुबह दो लोगों को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था, जिसमें महिला घायल है। वहीं, एक व्यक्ति की मौत हो गई है।

एडिशनल एसपी विक्रम सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। पड़ताल करवाता हूं।

# नई चेतना 3.0 महिलाओं की खिलाफहिंसा उन्मूलन के लिए जनपद एवं पंचायत स्तर पर कराई जा रही गतिविधियां






**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज के सफल मार्गदर्शन एवं जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेंद्र कुमार सिंह के निर्देशन तथा जिला जेंडर नोडल युवा सलाहकार हरी राम त्रिपाठी, वि.ख.नोडल सहायक जिला प्रबंधक प्रशांत मिश्रा के सहयोग से नई चेतना जेण्डर आधारित हिंसा के विरूद्ध राष्ट्रव्यापी अभियान 3.0 के तहत ग्राम पंचायत गिजवार, दादर, पथरौला, मड़वास, सिलवार अमहिया, सिरौला में गतिविधियां आयोजित की गई। इस अभियान में रंगोली तथा जेंडर शपथ, रैली का आयोजन, बेटा-बेटी में भेद भाव को खत्म करने पर चर्चा, मेंहदी प्रतियोगिता, ग्राम सचिव एवं रोजगार सहायक के साथ अभियान की चर्चा की गई।

साथ ही नई चेतना अभियान के तहत संवाद एवं शपथ कार्यक्रम आजीविका मिशन कार्यालय मझौली में उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मझौली रमेश कुशवाहा, उपखण्ड अधिकारी आर पी त्रिपाठी, थाना प्रभारी निरीक्षक दीपक बघेल, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर पी एल सागर, म. प्र. डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ब्लॉक प्रबंधक चंद्रकांत सिंह,सहायक विकासखंड प्रबंधक भरत सोनी एवं सुंदरलाल तिवारी उपस्थिति में आयोजित किया गया। म. प्र. डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ब्लॉक प्रबंधक चंद्रकांत सिंह द्वारा बताया गया कि वास्तव में ये जेंडर अभियान पहल समाज में बहुत अच्छे बदलाव लाने का एक अवसर है जिससे हमारे समाज का एक अच्छा निर्माण भी हो रहा है। इन गतिविधियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के संदेश का प्रचार-प्रसार महिलाओं के बीच किया जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

कार्यक्रम में सीआरपी के रूप में सीताबाई सिंह, कमला सिंह, शकुंतला कुशवाहा, माया सिंह, संतोषी मिश्रा, संध्या तिवारी द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर समाज के लिए हमें एक अच्छा कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ जिसका वे गर्व भी कर रही हैं। समूह से जुड़ी महिलाओं को नई चेतना जेण्डर आधारित हिंसा के विरूद्ध राष्ट्रव्यापी अभियान 3.0 के बारे में बताकर जागरूक करने एवं लोक अधिकार केंद्र तक महिलाओं की पहुंच बनाकर उनके हित लाभ के लिए अथक प्रयास हेतु गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यहां पर हिंसा से प्रभावित महिलाओं को तत्काल आपातकालीन प्रतिक्रिया और बचाव सेवाएं, चिकित्सा सहायता, प्राथमिकी दर्ज करने में महिलाओं की सहायता, मनोवैज्ञानिक या परामर्श सहायता, कानूनी सहायता, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा के साथ-साथ मुफ्त पुलिस और अदालती कार्यवाही के दौरान सहायता प्रदान की जाती है। जागरूकता गतिविधियों के तहत बाल विवाह पर रोक लगाए, बेटी-बेटा में भेदभाव न करने एवं हिंसा पर आवाज उठाई संबंधित आदि गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

### राजमाता चुनकुमारी स्टेडियम में मनाया गया दिव्यांग दिवस

## विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन, राज्य मंत्री राधा सिंह हुईं शामिल



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली जिले में विश्व दिव्यांग दिवस का मुख्य आयोजन राजमाता चुनकुमारी स्टेडियम में आज मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। एक निजी कंपनी ने दिव्यांग जनों को 200 टिफिन बॉक्स, सिंगरौली व्यापार मंडल ने 200 नग कंबल और एक एनजीओ ने 50 नग जैकेट वितरित किया।

कार्यक्रम के दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री राधा सिंह ने कहा कि भौतिक रूप से ही नहीं आर्थिक सामाजिक रूप से भी दिव्यांग जनों को सशक्त बनाया जाएगा। भारत में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 दिव्यांगों के कल्याण और उन्हें सार्थक और सशक्त बनाने की दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम है। यह कानून समाज में उनके समावेश को प्रभावी बनाने में प्रमुख भूमिका निभाता है। सरकार ने कानून में यह प्रावधान करके दिव्यांगता के प्रकार जो पहले 7 हुआ करते थे, उन्हें बढ़ाकर 21 कर दिया है।

कार्यक्रम में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह सहित नगर निगम की महापौर रानी अग्रवाल, निगम के अध्यक्ष देवेश पांडेय, भाजपा जिला अध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता, जिला पंचायत के कार्यपालन अधिकारी नागेश सिंह मौजूद रहे।

### सरपंच के पति ने इमारती लकड़ी के 5 पेड़ काटे

## ग्रामीणों ने कलेक्टर और थाने में शिकायत की



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले के चौपाल कोठार गांव की सरपंच शोभा यादव की पति रावेंद्र यादव ने 5 इमारती लकड़ी को काटकर घर में रख लिया। इसकी कीमत लाखों में बताई जा रही है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कलेक्टर और थाना प्रभारी से की है। इसके बाद मंगलवार को मौके पर आरआई और पटवारी को भेजकर मामले की जांच कराई गई है।

दरअसल, गांववालों का कहना है कि किसी अधिकारी-कर्मचारी को बताए बगैर 24 अक्टूबर को सरपंच के पति रावेंद्र यादव ने साल के पांच बड़े पेड़ (स्थानीय बोली में सरई) काटकर अपने घर में रख लिए, जबकि इसके पेड़ काटने के लिए तहसीलदार की अनुमति लेनी होती है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कलेक्टर स्वरोचिस सोमवंशी और जमोड़ी थाना प्रभारी विशाल शर्मा से की।

वहीं रावेंद्र यादव का कहना है कि जहां पेड़ लगा था, उस जगह पर छात्रावास की बाउंड्रीवॉल बनना है। उस जगह को समतल करने के लिए ग्राम पंचायत से परमिशन लेकर पेड़ काटे गए। उसे सुरक्षित स्थान पर रख दिया गया है। ग्रामीणों ने द्वेष भावना से शिकायत की है। वहीं तहसीलदार निवेदिता त्रिपाठी ने बताया कि पटवारी और आरई से जांच कराई गई है। ऐसे मामले में राजस्व की भूमि पर तहसीलदार या सक्षम अधिकारी के पास आवेदन करना चाहिए, उसके बाद ही पेड़ काटना चाहिए, लेकिन उन्होंने नियमों का पालन नहीं किया। इस पर कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि साल के एक पेड़ की कीमत 60 से 70 हजार रुपए होती है।

### पन्ना की खदान में ट्रैक्टर से गिरा युवक, मौत

## आज ही शादी तय हुई थी, ओली के कार्यक्रम के बाद रेत लेने चला गया था



**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** पन्ना जिले के अजयगढ़ कस्बे में रहने वाले 21 वर्षीय युवक की मंगलवार सुबह रेत खदान में ट्रैक्टर से गिरने के कारण मौत हो गई। बगराजन मोहल्ले में रहने वाले युवक का नाम राम विशाल था। बड़े भाई सुदर्शन ने बताया कि उसकी आज ही शादी तय हुई थी। ओली डालने के कार्यक्रम के बाद वह ट्रैक्टर लेकर खदान चला गया। वहां खाई में अनबैलेंस होने से ट्रैक्टर से गिर गया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि राम विशाल ट्रैक्टर चलाने का ही काम करता था।

### लोडिंग वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

## अनूपपुर के कोतमा थाना क्षेत्र में हादसा, लोडिंग वाहन चालक फरार



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** कोतमा थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे स्थित शुक्ला ढाबा के पास छोटी पिकअप गाड़ी ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत ही गई। वहीं छोटी पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। हादसा मंगलवार दोपहर लगभग 1 बजे का है।

बताया जा रहा है कि यशपाल सिंह अपने बड़े पापा के यहां डोंगरिया टोला जा रहा था, तभी शुक्ला ढाबा के पास पिकअप वाहन ने उसे टक्कर मार दी। ग्रामीणों की सूचना पर कोतमा पुलिस पहुंच कर मौका पंचनामा कर शव का पोस्टमॉर्टम के लिए कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा है। कोतमा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विचार

## बुद्धिजीविता बनाम व्यक्ति निर्माण- संघ की दूरगामी दृष्टि

हाल ही में आजतक के साहित्यिक मंच पर पत्रकार राहुल देव और कवि नरेश सक्सेना ने एक गंभीर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, आरएसएस सौ साल से बौद्धिक कर रहा है, किंतु आज तक ऐसा कोई बुद्धिजीवी नहीं पैदा कर पाया, जिसका नाम संघ के बाहर कोई जानता हो। यह सवाल जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही विचारणीय भी। ऐसा कह इस कवि-पत्रकार द्वय ने अपने वैचारिक दिवालियेपन से समाज का परिचय कराया और यह बताया की ये बेचारे संघ की रीति और नीति से कितने अनभिज्ञ हैं। इन्हें यह समझना चाहिए की वामपंथ की तरह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ख़ालिस बुद्धिजीवी पैदा करने की फैक्ट्री नहीं है। संघ का उद्देश्य वास्तविक चरित्र-व्यक्ति निर्माण है, न कि बुद्धिजीविता से कुण्ठित भीड़ का सृजन।

संघ न तो व्यक्ति को केवल बुद्धि आधारित जीवन जीने की शिक्षा देता है और न ही ऐसी किसी प्रवृत्ति को बढ़ावा देता है। अपनी प्रार्थना में संघ का स्वयंसेवक सुशीलं जगद्येन नम्रं भवेत कहकर ऐसा शुद्ध शील-चारित्र्य मांगता है जिसके समक्ष सम्पूर्ण विश्व नतमस्तक हो जाये। संघ का उद्देश्य बुद्धि को बढ़ावा देना नहीं है, संघ विचार को बढ़ावा देता है। विजेत्री च नः संहता कार्यशक्ति कहकर हम विजयशालिनी संघठित कार्यशक्ति के द्वारा परं वैभवं नेतुमेतत् स्वराष्टं यानि राष्ट के वैभव को उच्चतम शिखर पर पहुँचाने का सामर्थ्य मांगते हैं। संघ का हर कार्य आत्मभाव, समर्पण और त्याग पर आधारित है। संघ व्यक्ति निर्माण और चरित्र निर्माण का मंच है। इसका लक्ष्य हर स्वयंसेवक को भारत माता की सेवा के लिए तैयार करना है। संघ के लिए बुद्धिजीविता साध्य नहीं है, बल्कि यह समाज और राष्टहित में कार्य करने वाले व्यक्तियों को तैयार करने का माध्यम है।

आज के समाज में बुद्धिजीविता को एक शक्ति के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, लेकिन यह समझना आवश्यक है कि बुद्धिजीविता केवल क्षणिक परिवर्तन ला सकती है। इसके विपरीत, व्यक्ति निर्माण का प्रभाव दीर्घकालिक और समाज के हर क्षेत्र में सकारात्मक होता है। संघ बुद्धिजीविता की अल्पकालिक चमक के बजाय व्यक्ति निर्माण के दीर्घकालिक प्रभाव में विश्वास रखता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) इसी व्यक्ति निर्माण की दिशा में पिछले सौ वर्षों से कार्य कर रहा है।

पूर्व राज्यपाल आचार्य विष्णुकान्त शास्त्री जी कहा करते थे की बुद्धिजीवी का अर्थ है ऐसा व्यक्ति जो अपनी बुद्धि के आधार पर जीविका चलाता हो। जब बुद्धि के आधार पर जीविका चलाने को महिमामंडित किया गया, तब समाज में कई गंभीर समस्याएं उत्पन्न हुईं। बीते दशकों में यह सत्य भी होता दिखाई दिया है, डॉक्टरों ने मरीजों को केवल पैसा कमाने का साधन मान लिया, शिक्षकों ने कक्षाओं से गायब होकर अर्बन नक्सल बनने का रास्ता चुना और छात्रों ने टुकड़े-टुकड़े गैंग बनाकर समाज में विघटनकारी गतिविधियों को बढ़ावा दिया। वामपंथी बुद्धिजीविता ने समाज को हिंसा, विभाजन और अशांति के अलावा कुछ नहीं दिया। यह बुद्धिजीविता पूंजीवादी नेक्सस का हिस्सा बनकर समाज को खोखला करती है। वामपंथ ने श्रमिकों को बुद्धिजीवी बनने का सपना दिखाया, लेकिन इसके परिणामस्वरूप कलकत्ता से कानपुर तक औद्योगिक संयंत्र बंद हो गए। श्रमजीवी लोगों को दाने-दाने का मोहताज कर दिया। इस विचारधारा ने परिवार और सामाजिक मूल्यों को कमजोर किया और देशभक्ति व सांस्कृतिक चेतना पर भी आघात किया।

# हाइब्रीड पॉलिटिकल पार्टी आप यदि कांग्रेस से गठबंधन करेगी तो सियासी तौर पर समाप्त हो जाएगी?

कमलेश पांडे

**देश की राजधानी दिल्ली में फरवरी 2025 में विधानसभा होंगे और यहां पर सारूढ़ आम आदमी पार्टी एक बार फिर पूरे दम-खम से अकेले यह चुनाव लड़ेगी। जबकि वह कांग्रेस के नेतृत्व वाली इंडिया गठबंधन की भागीदार पार्टी रही है। बताया जाता है कि हाइब्रीड पॉलिटिकल पार्टी आप को डर है कि यदि वह कांग्रेस से गठबंधन करेगी तो सियासी तौर पर समाप्त हो जाएगी! पंजाब और दिल्ली की राजनीतिक परिस्थिति भी इसी बात की चुगली करती है। कहना न होगा कि छोटा हिंदुस्तान समझा जाने वाला दिल्ली प्रदेश का विधानसभा चुनाव किसी भी राजनीतिक दल के लिए काफी अहमियत रखता है। यहां पर पहले कांग्रेस और उसके बाद भाजपा का शासन रहा है। बाद में भी इन्हीं दोनों पार्टियों के बीच सा की अदला-बदली हुई। लेकिन दिल्ली की स्थानीय पार्टी के तौर पर %आप% के राजनैतिक अयुदय ने कांग्रेस और भाजपा दोनों के समक्ष एक नई राजनीतिक चुनौती खड़ा कर दी, जो अब तलक जारी है।**



समझा जाता है कि कभी केंद्र में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के जबड़े से 2013 में उसकी सूबाई सत्ता छीनना और फिर केंद्र में सत्तारूढ़ हुई भाजपा के कसते सियासी शिकंजे के बावजूद 2015 और 2020 में भी यहां की सत्ता को बचाए रखना दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की बहुत बड़ी राजनीतिक सफलता है, जिसके लिए उन्हें नाकोचने चबाने पड़े। इसके ही खातिर उन्हें तिहाड़ जेल तक जाना पड़ा, जहां से फिलवक्त बेल पर वह बाहर हैं।

दरअसल, हाइब्रीड पॉलिटिकल पार्टी %आप% एक अलबेली राजनीतिक पार्टी है, जो कई मामलों में भाजपा और कांग्रेस से अलग है तथा क्षेत्रीय दलों से काफी आगे है। %कांग्रेस% एवं उसकी विरोधी रही %जनता पार्टी% व %जनता दल% और भाजपा के अलावा %आप% एकमात्र राजनीतिक पार्टी है जो एक के बाद दूसरे राज्य में अपने बलबूते सरकार बनाने में सफल हुई और सफलता पूर्वक उसका संचालन कर रही है। युवा पेशेवरों की यह पार्टी तमाम विवादास्पद मुद्दों में निष्पक्ष अंदाज रखती आई है। हालांकि, केंद्रीय सत्ता तक पहुंचना अभी भी उसके लिए %नई दिल्ली दूर है% जैसा प्रतीत होता है।

हालांकि इंडिया गठबंधन की शोहबत और भाजपा के धूर विरोध में %आप% को भी अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की नीति अपनानी पड़ी है। आरक्षण सम्बन्धी दुविधाजनक स्टैंड लेना पड़ा। भ्रष्टाचार के %अंध कुएं% में गोते लगाने पड़े हैं। शानोशौकत के वास्ते शीश महल (मुख्यमंत्री का आवास) तक बनवाने पड़े। वहीं, जनता को %रिश्वत% स्वरूप मुफ्त बिजली-पानी देने की उसकी शुरुआत और शिक्षा-स्वास्थ्य सम्बन्धी जनसुविधा आज सभी पार्टियों के एजेंडे में शामिल हो चुका है। इसे भारतीय राजनीति में %रेवड़ी कल्चर% कहा जाता है जिसकी शुरुआत %आप% ने की है। कांग्रेस/भाजपा आदि तो इस मामले में अब %आप% से भी दो कदम आगे बढ़ चुके हैं।

देखा जाए तो 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल ताबड़तोड़ फैसले ले रहे हैं जिसमें अपनी भरोसेमंद सहयोगी मंत्री रहीं आतिशी मर्लेना को दिल्ली का नया मुख्यमंत्री बनाया जाना भी शामिल है।

वहीं, हाल ही में उन्होंने दूसरी महत्वपूर्ण घोषणा की है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में वह कांग्रेस से गठबंधन नहीं करेंगे। शायद यह हरियाणा विधानसभा चुनाव में %आप% के प्रति %कांग्रेस% की ओर से दिखाई गई राजनीतिक बेरुखी का असर और प्रतिक्रिया स्वरूप करारा जवाब है, क्योंकि तब भी कांग्रेस-आप का गठबंधन टूट गया था।

फ़लसफ़ा यह निकला कि %कांग्रेस% हरियाणा की सत्ता में आ नहीं पाई और वहां पर अपने बलबूते चुनाव लड़ी %आप% का खाता तक नहीं खुला, जबकि यह आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल का गृह प्रदेश भी है। हालांकि यह बात सभी जानते हैं कि गठबंधन में रहते हुए भी %आप% ने लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान कांग्रेस से अपने वर्चस्व वाले एक प्रान्त दिल्ली में गठबंधन तो दूसरे प्रान्त पंजाब में दोस्ताना संघर्ष किया। इस दौरान %आप% पार्टी पंजाब की 13 लोकसभा सीटों में से मात्र 3 सीटें ही जीत पाई, जबकि कांग्रेस को 7 सीटें मिलीं। यही बात आप को अखड़ गई।

वहीं, दिल्ली में भी उसने लोकसभा की 7 सीटों में से 3 सीटें कांग्रेस को दी थी, लेकिन दोनों पार्टियां यहां जीरो पर आउट हो गईं। क्योंकि यहां भी सियासी तालमेल नदारत दिखा था। परिणाम यह हुआ कि सातों लोकसभा सीटों पर भाजपा जीत गई, जो पहले भी सभी सीटों पर काबिज थी।

ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या दिल्ली में मुकाबले को त्रिकोणीय बना पाएगी कांग्रेस? क्योंकि जहां जहां भी त्रिकोणीय मुकाबले की नौबत आती है तो अक्सर सत्ता पक्ष फायदे में रहता है। आप के लिए यह स्थिति यहां भी फायदेमंद हो सकती है।

चूंकि दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की लगभग सभी संभावनाएं समाप्त हो गई हैं। जिससे यह तय हो चुका है कि दोनों पार्टियां चुनावी मैदान में एक-दूसरे के खिलाफ खड़ी होंगी।

ऐसे में आप से ज्यादा कांग्रेस का चुनावी सफर मुश्किल नजर आ रहा है। वहीं, गठबंधन में फूट की खबर सामने आते ही राजनीतिक गलियारों में अटकलों का बाजार गर्म हो गया है।

जैसे ही दिल्ली विधान सभा चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन के दो अहम दलों, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की ओर से साफ संकेत मिला कि इस बार दोनों पार्टियां चुनावी रण में एक-दूसरे के सामने खड़ी होंगी। तो सबसे ज्यादा चर्चा कांग्रेस को लेकर चलने लगी। क्योंकि जो कांग्रेस कुछ वक्त पहले तक अरविंद केजरीवाल के खातिर बीजेपी से लड़ रही थी। अब वहीं कांग्रेस आखिर आम आदमी पार्टी और केजरीवाल के खिलाफ कैसे मोर्चा खोलेगी, यक्ष प्रश्न है?

हालांकि मौजूदा सियासत में विचारों का उलट फेर एक आम सी बात हो गई हैं। चूंकि दिल्ली की जनता सूझबूझ वाली है। ऐसे में कांग्रेस के लिए राह आसान नहीं होगी। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि दिल्ली में कांग्रेस त्रिकोणीय मुकाबला बनाने की स्थिति में नहीं है। दिल्ली की सियासत में कांग्रेस और आप के बीच रिश्ते स्वार्थ वाले रहे हैं। मसलन, जिस आम आदमी पार्टी ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर कांग्रेस को दिल्ली की सत्ता से बेदखल किया था, वही आम आदमी पार्टी जब खुद भ्रष्टाचार के आरोप में घिरी तो कांग्रेस से हाथ मिला लिया।

अलबत्ता, कांग्रेस ने भी अपने सियासी फायदे को देखकर %आप% से हाथ मिलाने में ही समझदारी समझी, क्योंकि बीजेपी से अकेले टकराना, दोनों पार्टियों के बस से बाहर था। बताया जाता है कि लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस को इससे आप से ज्यादा फायदा मिला। खासकर पंजाब में वह आप से दुगुनी से अधिक लोकसभा सीटें जीतने में कामयाब रही। जबकि दिल्ली की प्रबुद्ध जनता इस सांठगांठ को अच्छे समझ गई। इसलिए लोकसभा चुनाव में दोनों पार्टी के गठबंधन को नकार दिया।

जिस तरह से आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन की संभावना से बीते रविवार को इनकार किया, उससे इंडिया गठबंधन के भविष्य को लेकर भी तरह तरह के सवाल उठ रहे हैं। क्योंकि केजरीवाल ने कहा कि, %दिल्ली में कोई गठबंधन नहीं होगा।% हालांकि आप और कांग्रेस 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा हैं। दोनों दलों ने इस साल की शुरुआत में दिल्ली में लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ा था, लेकिन किसी भी सीट पर गठबंधन को जीत नहीं मिली थी और सभी 7 सीट बीजेपी ने जीती थीं।

बता दें कि दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए 2025 में चुनाव होंगे। 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 62 सीटें जीती थीं। वहीं बीजेपी को महज 8 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस का लगातार दूसरी बार दिल्ली से सफाया हो गया था।

# दिल्ली सल्तनत पर बार-बार क्यों करते हैं किसान चढ़ाई?

डॉ. रमेश ठाकुर

अन्नदाताओं की समस्याओं का समाधान आखिर कब होगा? क्या उनकी मांगे भविष्य में कभी पूरी हो भी पाएंगी या नहीं? केंद्र में सरकार चाहे कांग्रेस की हो या भाजपा की, हर दौर में यही सब कुछ देखने को मिलता है। कमोबेस, सरकारों का रवैया सदैव एक जैसा ही रहता है। इसलिए एकाएक किसी सरकार को दोषी ठहराना किसी टिप्पणीकार के लिए बेईमानी सा होता है। किसान आंदोलनों से जो समस्याएं उपजती हैं, उसका खामियाजा सिर्फ और सिर्फ आमजन ही भुगतते हैं। समस्याएं किस कदर पनपती हैं इस ओर शायद किसी का भी ध्यान नहीं जाता। मरीज, छात्र, राहगीर, दैनिक कर्मी तो बेहाल होते ही हैं, रोजमर्रा के क्रियाकलाप भी रुक जाते हैं। दो दिसंबर को भी यही हुआ, जब किसान उत्तर प्रदेश के एक छोर से चले, तो सड़कों पर दौड़ने वाले तेज वाहनों के पहिए थम गए। क्या मरीज, क्या नौकरीपेशा, सभी के पैर अपने जगह रूक गए।

दरअसल, अपनी विभिन्न मांगों को लेकर किसान संगठनों ने एक बार फिर दिल्ली पर चढ़ाई करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि ऐसा करने से उन्हें बलपूर्वक बॉर्डरों पर ही रोका गया है। पर, हालात दिल्ली-एनसीआर के एक बार फिर बिगड़ते दिखाई पड़ने लगे हैं। इस दफे भी किसानों के तेवर उग्र दिख रहे हैं। अन्नदाता लंबा आंदोलन करने के मूड़ में दिखाई पड़ते हैं। इतना तय है, अगर उनकी समस्याओं का समाधान समय रहते नहीं हुआ, तो हालात पिछले किसान आंदोलन जैसे बनने में वक्त नहीं लगेगा। किसान केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार को बीते एक महीने से अल्टीमेटम दे रहे थे कि उनकी मांगे मानी जाएं, उनसे बात करे कोई जिम्मेदार व्यक्ति, जिससे दोनों पक्ष बैठकर कोई हल निकाल सकें। लेकिन उनकी बातों को हुकूमती स्तर पर एक बार भी अनसुना और अनदेखा किया गया।

दिल्ली पहुंचने के लिए गौतमबुद्ध नगर से करीब 50,000 से अधिक किसान सोमवार सुबह यानी दो तारीख को नोएडा महामाया फ्लाईओवर के पास एकत्रित हुए, फिर उन्होंने दिल्ली कूच का प्लान किया, हालांकि तत्काल रूप से तो पुलिस ने उनकी योजना को विफल कर दिया है। लेकिन किसान बॉर्डर पर ही डटे हुए हैं, वह किसी भी सूरत में दिल्ली पहुंचना चाहते हैं। उनको लगता है संसद का शीत सत्र चालू है। पूरी हुकूमती मशीनरी इस समय एक साथ है, उनकी बातें आसानी से पहुंच सकती है। पर, ऐसा होता दिख नहीं रहा। केंद्र सरकार इतनी आसानी से सबकुछ मान लेगी, ऐसा भी दिखाई नहीं पड़ता। इसलिए किसान भी काफी उग्र हैं। अपने साथ लंबे आंदोलन को करने के लिए तामझाम लेकर पहुंच हैं। राशन, टैक्टर, मोटरसाइकिल, गैस सिलेंडर, तंबू आदि है उनके पास।

किसानों ने दिल्ली मार्च का प्लान अचानक से ही बनाया। पहले की प्री-प्लान नहीं थी। क्योंकि किसान अपनी विभिन्न मांगो को लेकर नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण पर पिछले कुछ दिनों से धरनागत थे। उनकी प्रमुख मांगे हैं, उन्हें ज़मीन के बदले 10 पर्सेंट निर्मित प्लॉट और 64 पर्सेंट बढ़ा हुआ जमीन का शेष मुआवज़ा दिया जाए। साथ ही जितने किसान जमीन छिन जाने से भूमिहीन हुए हैं, उनके परिवार के बच्चों को केंद्र सरकार और राज्य सरकार कोई न कोई रोजगार जैसी वैकप्लिक व्यवस्थाएं की जाएं, इसके अलावा एमएसपी गारंटी



कानून लागू करें। फसलों की कीमतें डबर हों, खाद, बीज व कीटनाशक दवाईयों के रेट कम किए जाएं जैसी पुरानी मांगे भी उनकी बरकरार हैं। इस वक्त मंड़ियों में धान की खरीद में जो घटतौली हो रही है उसे तुरंत रोका जाए। ये मांगे ऐसी जिसे शायद ही सरकारें मांगे।

प्रतीत ऐसा होता है कि ये किसान मूवमेंट भी बडा रूप ले सकता है। अभी तक गनीमत ये समझी जाए, इस मोर्चे में सिर्फ दर्जन भर ही किसान संगठन शामिल हुए हैं। हालांकि बाहर से करीब सौ से ज्यादा किसान संगठनों का समर्थन प्राप्त है। मोर्चे को रोकने को अगर कोई जल्द विकल्प नहीं निकाला गया, तो अन्य किसान संगठन भी कूदने में देर नहीं करेंगे। हांलाकि सोमवार को किसान मोर्चे को देखते हुए नोएडा ट्रैफ़िक पुलिस और दिल्ली पुलिस की ओर से एडवाइजरी की गई जिसमें कालिंदी कुंज बॉर्डर, यमुना एक्सप्रेस-वे और डीएनडी बॉर्डर से बचने की लोगों को सलाह दी गई, क्योंकि इन जगहों पर मोर्चे का असर व्यापक रूप से देखने को मिला। लोग अनचाई परेशानी से जूझते दिखाई पड़े, स्कूली बच्चों भी जाम में फंसे रहे, एमबूलेंस भी नहीं निकल पाई। नौकरीपेशा समय से अपने कार्यालयों में नहीं पहुंच पाए। ये हालात ऐसे ही बने रहेंगे, जब तक ये मूवमेंट चलता रहेगा।

किसान मूवमेंट शुरू होने के कुछ घंटों बाद ही राजनीति भी आरंभ हो गई। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने अपना समर्थन दे दिया। कांग्रेस ने कहा दिल्ली बॉर्डर पर बैरिकेडिंग, वाटर कैनन, दंगा नियंत्रण गाड़ियां और अमित शाह की पूरी पुलिस तैनात की गई। ऐसा प्रतीत होता है जैसे की उनको किसी आंतकवादी को रोकना या पकड़ना हो? किसान भूमि अधिग्रहण का उचित मुआवज़ा और फसल के सही दाम की मांग लेकर दिल्ली आकर सोती सरकार को जगाना चाहते हैं इसमें बुरा क्या है? वहीं, आम आदमी पार्टी की ओर से बयान आया जिसमें कहा गया कि राष्ट की राजधानी किसी की बपौती तो है नहीं? फिर किसान क्यों नहीं आ सकते? प्रधानमंत्री पर भी उन्होंने हमला किया। बोले, किसानों पर बर्बरता के नए आयाम रच रहे हैं प्रधानमंत्री। उनके दिल में अन्नदाताओं के लिए रत्ती भर सम्मान नहीं है। कांग्रेस का मानना है कि किसान अपनी जायज मांगों को लेकर दिल्ली आना चाहते हैं, उन्हें आने देना चाहिए, उनपर वाटर कैनन का प्रयोग करना गलत है। दरअसल, ऐसे मौकों पर विपक्ष का बिना सोचे समझे कूद पड़ना, 'आग में घी डालने' का काम कर जाता है। जबकि, उन्हें केंद्र सरकार पर दबाव बनाकर विकल्प और समाधान की ओर ध्यानाकर्षण करवाना चाहिए। ताकि सरकार आंदोलनकारियों से बात करने पर विवश हो? पर, दुर्भाग्य ऐसा हो नहीं पाता और न ही विपक्ष ऐसा प्रयास करता है।

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासकीय मेडिकल कालेजों में वित्तीय सुधारों की दिशा में बड़ा कदम

# स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में शासकीय मेडिकल कालेजों की स्वशासी सोसायटियों की हुई बैठक

### चिकित्सा महाविद्यालयों एवं संबद्ध चिकित्सालयों में वृहद प्रशासनिक एवं वित्तीय सुधारों का हुआ अनुमोदन






**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग में वित्तीय सुधारों की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। विष्णु के सुशासन में राज्य सरकार जनहित में लगातार नीतिगत निर्णय ले रही है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस दिशा में प्रयास करते हुए अपने सुझाव सामने रखे थे। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में राज्य के 10 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के स्वशासी सोसायटियों की बैठक में आज चिकित्सा महाविद्यालयों एवं संबद्ध चिकित्सालयों के वित्तीय विकेंद्रीकरण के विस्तार के लिए कई महत्वपूर्ण एवं जनहित के निर्णय लिए गए हैं। इन निर्णयों से महाविद्यालय स्तर पर स्वशासी सोसायटियों का सुदृढ़ीकरण होगा, आवश्यक कार्यों के लिए शासन पर निर्भरता कम होगी, अति आवश्यक कार्य समय सीमा पर संपन्न हो सकेंगे और तात्कालिक आवश्यकताओं की पूर्ति चिकित्सा महाविद्यालय स्तर पर ही हो जाएगी।

चिकित्सा महाविद्यालयों एवं संबद्ध अस्पतालो के लिए अतिआवश्यक दवाइयां, चिकित्सकीय उपकरणों की खरीदी मरम्मत एवं रखरखाव, कन्ज्यूमेबल सामग्री इत्यादि की तात्कालिक उपचार के लिए आवश्यकता पड़ती रहती है। लेकिन मेडिकल कालेजों के अधिष्ठाता एवं अस्पताल अधीक्षकों के पास इन्हें खरीदने अथवा मरम्मत के लिए बहुत ही सीमित शक्तियों का प्रावधान था। इसकी वजह से इन्हें शासन स्तर के निर्णय पर निर्भर रहना पड़ता था। ये नियम छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पूर्व से चला आ रहा था । राज्य गठन के बाद पहली बार वित्तीय अधिकारों के नियम मे संशोधन किया जा रहा है।

पहले मेडिकल कालेजों के अधिष्ठाता एवं अस्पताल अधीक्षकों को 1 लाख रूपए से उपर के लघु निर्माण, मरम्मत, दवा खरीदी इत्यादि कार्यों के लिए मंत्रालय स्तर पर फाइल भेजनी पड़ती थी। नए निर्णय से अब इनके पास 10 लाख रूपए तक का वित्तीय अधिकार होगा। इसके लिए शासन स्तर से किसी अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होगी। औजारों एवं लघु उपकरणों की खरीदी अथवा मरम्मत के लिए 1 लाख रूपए तक का वित्तीय अधिकार था जिसे अब बढ़ाकर 10 लाख रूपए करने की सहमति स्वशासी समिति की बैठक में दी गयी है। इसी तरह से भण्डार तथा रिएजेंट की खरीदी के लिए 20 हजार रूपए तक की शक्तियां थी जिन्हें बढ़ाकर अधिष्ठाता एवं अस्पताल अधीक्षक को पूर्ण शक्तियां प्रदान करने की अनुशंसा की गयी है। इस वित्तीय विकेंद्रीकरण से स्वाशासी समिति कार्यसंपन्न बनेगी और बहुमूल्य समय की बचत होगी। इससे मरीजों को दवाइयों एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का त्वरित लाभ मिलेगा।

**स्वशासी सोसायटियों का पुनर्गठन:** राज्य के 10 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों एवं संबद्ध चिकित्सालयों की स्वशासी सोसायटियों का गठन महाविद्यालय की स्थापना के साथ अलग अलग समय पर हुआ है। इन सोसायटियों के लिए कोई एक निर्धारित गाइड लाइन या नियमावली का निर्धारण नहीं किया गया है और इनमें एकरूपता नहीं है। इन सोसायटियों को होने वाली आय व्यय के अनुमोदन के लिए भी कोई मानकीकरण प्रक्रिया नहीं है। इनमें एकरूपता लाने के लिए मॉडल स्वशासी सोसायटियों का ड्राफ्ट प्रशासकीय विभाग द्वारा अनुमोदित कर जारी किया गया है। पूर्व में सिर्फ सामान्य सभा को ही अधिकार प्राप्त थे, लेकिन नए ड्राफ्ट के अनुसार सामान्य सभा के अधिकारों का विस्तार करते हुए प्रबंधकारिणी समिति और वित्त समिति के अधिकारों में बदलाव किए गए हैं।

इन बदलावों के अनुसार सामान्य सभा को पूर्ण अधिकार के साथ ही अब प्रबंधकारिणी समिति को प्रति कार्य 2 करोड़ रूपए तक अनुमोदन का अधिकार होगा, पहले ये अधिकार नहीं था। वित्त समिति को प्रति कार्य 10 लाख रूपए तक के अनुमोदन का अधिकार दिया गया है, पहले कोई अधिकार नहीं था। केंद्र अथवा राज्य शासन के विभिन्न योजनाओं से स्वशासी समिति को प्राप्त राशि, आवंटन अथवा अनुदान में से सामान्य सभा को खर्च व अनुमोदन का पूर्ण अधिकार होगा वहीं इसी राशि में से प्रबंधकारिणी समिति को 5 करोड़ रूपए तक की राशि के अनुमोदन का अधिकार होगा।

अभी तक राज्य शासन से आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत प्राप्त क्लेम का 25 फीसदी ही संबंधित चिकित्सा महाविद्यालय की स्वशासी सोसायटी को प्राप्त होता था। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में इसे बढ़ाकर 45 फीसदी कर दिया गया है। इसके साथ ही एक बड़ा बदलाव करते हुए स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल की अध्यक्षता में ये निर्णय लिया गया है कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालयों को राज्य बजट से दवाइयां मद तथा भण्डार एवं रिएजेंट मद में प्राप्त बजट का 10 फीसदी राशि का आवंटन होता था। इसे बढ़ाकर 25 फीसदी कर दिया गया है। इन फैसलों से मेडिकल कालेजो को वित्तीय रुप से सशक्त बनाने के लिए वित्तीय विकेंद्रीकरण कर मेडिकल कालेजों की स्वशासी सोसायटियों को पुनर्गठित किया गया है।

नवा रायपुर के महानदी भवन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए स्वशासी सोसायटियों को संबोधत करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि विष्णु के सुशासन में मेडिकला कालेजों में वित्तीय अनुशासन एवं सुधारों के जरिए बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं। ये निर्णय तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार के लिए उठाया गया एक बड़ा कदम है। इन निर्णयों से हम मेडिकल कालेजों को अधिकार संपन्न बना रहे हैं ताकि छोटी जरूरतों के लिए उन्हें निर्भर न रहना पड़े और जनहित में वो आवश्यक निर्णय तत्काल लेकर मरीजों की बेहतरी के लिए काम कर सकें।

बैठक में चिकित्सा शिक्षा विभाग की आयुक्त किरण कौशल उपस्थित थीं । वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी स्वशासी सोसाइटी के जनप्रतिनिधि सदस्य, संभाग आयुक्त, संबंधित जिलों के कलेक्टर, मेडिकल कॉलेजों के डीन और अस्पताल अधीक्षक भी बैठक में शामिल हुए।

# बिलासपुर को मिलेगी खटारा सिटी बसों से मुक्ति

## मार्च तक स्टॉपेज, चार्जिंग स्टेशन बनेगा, फिर आएगी नई ई-बसें, इंफ्रास्ट्रक्चर पर 11.45 करोड़ खर्च होंगे



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर के लोगों को खटारा सिटी बसों से अप्रैल 2025 के बाद ही मुक्ति मिल पाएगी। बिलासपुर सहित रायपुर, दुर्ग, भिलाई और कोरबा में इलेक्ट्रिक सिटी बसें चलाने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो गई है। नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने 'दैनिक भास्कर' को बताया कि अप्रैल 2025 में नई ई-बसें बिलासपुर आ जाएंगी।

इसके लिए खरीदी की प्रक्रिया शासन स्तर पर होगी, संचालन का दायित्व जिला अर्बन पब्लिक सर्विस सोसाइटी को दिया गया है। गौरतलब है कि साल 2016-17 में केंद्र की जेएनएनएयूआरएम योजना के अंतर्गत बिलासपुर सहित छत्तीसगढ़ के चुनिंदा शहरों में सिटी बस सेवा की शुरुआत की गई थी। योजना के संचालन का दायित्व जिला शहरी सार्वजनिक यातायात समिति को दिया गया था। संचालन में कमियों की वजह से ठेके पर संचालित सिटी बस सेवा गड़बड़ा गई और करोड़ों की सिटी बसें कबाड़ होने लगीं।

**इन्फ्रास्ट्रक्चर के कार्यों के लिए टेंडर इसी हफ्ते:** नोडल अधिकारी अनुपम तिवारी ने बताया कि पीएम ई-बस सेवा के संचालन और रखरखाव के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर के कार्यों के लिए टेंडर इसी हफ्ते किया जाएगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार ई-बस टर्मिनल 11.45 करोड़ में बन कर तैयार होगा। बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरूण साव की पहल पर निर्माण कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति हाल ही में प्रदान की गई।

**बिलासपुर को 50 इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी:** शहरों में ट्रैफिक की समस्या हल करने तथा आमजन को प्रदूषण मुक्त सर्व सुविधायुक्त इलेक्ट्रिक सिटी बस की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2023 में पीएम ई-बस सेवा की शुरुआत की। योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के पांच शहरों में 240 इलेक्ट्रिक सिटी बसें चलाई जाएंगी, जिसमें बिलासपुर को 50 सिटी बसें दी जाएंगी। नोडल अधिकारी की मानें तो सभी ई-बसें एयरकंडीशन्ड होंगी।

**डबल इंजन सरकार की साझेदारी:** केंद्र द्वारा ई-बसों की सप्लाई के पूर्व शहर में वर्तमान सिटी बस टर्मिनल में इन्फ्रास्ट्रक्चर के कार्य कराए जाएंगे। इसके लिए केंद्रांश 5 करोड़ 2 लाख, राज्यांश 3 करोड़ 35 लाख और बीटीएम पावर इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 3 करोड़ 8 लाख, इस प्रकार कुल 11 करोड़ 45 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्लानिंग के मुताबिक 13 चार्जिंग स्टेशन,यात्री प्रतीक्षालय और कोनी सिटी बस टर्मिनल में वर्कशॉप शेड तैयार किया जाएगा।

## अग्निवीर भर्ती हेतु शारीरिक दक्षता 4 से 12 तक रायगढ़ में

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जिला एमसीबी के आदेशानुसार अग्निवीर भर्ती हेतु 04 से 12 तक रायगढ़ स्टेडियम में सीईई उत्तीर्ण आवेदकों हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अन्य भर्ती प्रक्रिया का आयोजन किया गया है। उक्त भर्ती रैली में उल्लेखित मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के अभ्यर्थियों हेतु 10 को (अग्निवीर जनरल ड्यूटी पद हेतु) एवं 11 को (अग्निवीर टेक्निकल, क्लर्क, ट्रैडमेन पद हेतु) शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन निर्धारित किया गया है । एमसीबी जिले के अभ्यर्थियों हेतु जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा 10 दिसम्बर 2024 को रैन बसेरा पुराना बस स्टैण्ड केवड़ाबाड़ी एवं 11 को मंगल भवन केवड़ाबाड़ी रायगढ़ में ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था की गई है।

# आवेदक को जनदर्शन के माध्यम से मिला मृत्यु प्रमाण पत्र




**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** आज कलेक्टर जनदर्शन में आवेदक हजारी लाल गुप्ता आत्मज मंगल प्रसाद गुप्ता को जिला जनदर्शन के माध्यम से मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर प्रदाय किया गया। जानकारी के अनुसार बताया गया है कि आवेदक के पुत्र राकेश कुमार गुप्ता की मृत्यु 10 अक्टूबर 2024 को हो गया था। आवेदन को संज्ञान में लेते हुये कलेक्टर ने केल्हारी तहसीलदार को निर्देश दिये कि वे आवेदक की परेशानियों को देखते हुये समय पर मृत्यु प्रमाण पत्र बना कर प्रदाय करे। केल्हारी तहसीलदार करमचंद जाटवर के द्वारा स्वयं ग्राम पंचायत घुटरा पहुंचकर स्व. राकेश कुमार गुप्ता का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा कर प्रदाय किया गया। इससे अब आवेदक को किसी भी प्रकार की शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया जा सकेगा।

# विकासखण्ड और जिला स्तर युवा उत्सव का आयोजन 06 और 07 को, कला और संस्कृति के क्षेत्र में युवाओं को मिलेगा नया अवसर

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** जिला के युवाओं को कला और संस्कृति के क्षेत्र में अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से खेल और युवा कल्याण विभाग अधिकारी गोपाल सिंह द्वारा बताया गया की प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी युवा उत्सव का आयोजन विकासखण्ड स्तर पर भरतपुर में सामुदायिक भवन और मनेन्द्रगढ़ के सास्कृतिक भवन में 06 दिसम्बर 2024 किया आयोजित किया जाएगा। वही जिला स्तर पर युवा महोत्सव का आयोजन 07 दिसम्बर 2024 को सास्कृतिक भवन मनेन्द्रगढ़ में कॉलेज के सामने आयोजित किया जाएगा। और राज्य स्तरीय आयोजन 12 से 14 जनवरी, 2025 तक निर्धारित किया गया है। राष्ट्रीय युवा उत्सव में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिभागियों और दलों का चयन जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागियों और दलों से किया जाएगा।

जिला स्तर का आयोजन जिला मुख्यालय में होगा, जिसमें आयोजन प्रभारी के तौर पर जिला कलेक्टर और नोडल अधिकारी के रूप में जिला स्तरीय खेल अधिकारी होंगे। विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव के विजेता प्रतिभागी और दल जिला स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। नेहरू युवा केंद्र संगठन के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समन्वय करके "माई भारत युवा पोर्टल" पर प्रतिभागियों का पंजीकरण किया जाएगा। राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का चयन जिला स्तरीय आयोजन के विजेताओं में से किया जाएगा।

इस युवा उत्सव में निम्नलिखित 12 विधाओं का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोक गीत, व्यक्तिगत लोक नृत्य, व्यक्तिगत लोक गीत, कहानी लेखन, चित्रकला, जीवन कौशल - वक्तृत्व कला/तात्कालिक भाषण, कविता, विज्ञान मेला, हस्तशिल्प, युवा कृति (कपड़ा), कृषि उत्पाद और रॉकबैंड (केवल जिला और राज्य स्तर पर)। इन विधाओं में 15 से 29 वर्ष तक के युवक-युवतियां भाग ले सकते हैं और राज्य स्तर पर विजेता प्रतिभागी 28वें राष्ट्रीय युवा उत्सव में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस युवा उत्सव प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इच्छुक प्रतिभागी जिला खेल अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, मुख्यकार्यपालन अधिकारी के पास अपना पंजीयन 05 दिसम्बर 2024 तक करा सकते है।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नेतृत्व में दिव्यांग व्यक्तियों को मिल रहा है कई योजनाओं का लाभ : महेन्द्र सिंह मरपच्ची



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** विश्व दिव्यांग दिवस हर वर्ष 3 दिसंबर को बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है। इसका उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों को सुनिश्चित करना, उनके लिए अवसरों का विस्तार करना और उनके प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना है। इस दिव्यांग दिवस की शुरुआत 1992 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी। दिव्यांग व्यक्तियों के लिए एक ऐसा समाज बनाना जहां वे बिना किसी भेदभाव के अपने अधिकारों का उपयोग कर सकें, इस दिव्यांग दिवस का मुख्य लक्ष्य है।

सन् 1981 में संयुक्त राष्ट्र ने "अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग वर्ष" मनाया। इसके बाद 1983 से 1992 के दशक को "दिव्यांग व्यक्तियों का दशक" घोषित किया गया। इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में दिव्यांग व्यक्तियों को समान अवसर प्रदान करने के प्रयास किए गए। 2006 में संयुक्त राष्ट्र ने दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों पर अभिसमय लागू किया। यह अभिसमय दिव्यांग व्यक्तियों को समाज के हर क्षेत्र में अधिकार और समावेश प्रदान करने के लिए कानूनी मान्यता देता है। भारत ने इसे 2007 में अंगीकृत किया और इसे अपनी नीतियों में सम्मिलित किया। भारत में दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों को लेकर 1995 में "दिव्यांग व्यक्तियों का अधिकार अधिनियम" लागू हुआ। इस अधिनियम ने शिक्षा, रोजगार और सार्वजनिक स्थानों पर दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों को सुनिश्चित किया। 2016 में इस कानून को संशोधित कर दिव्यांगताओं की संख्या 21 कर दी गई और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आरक्षण, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को मजबूत बनाया गया है। केंद्र सरकार ने दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। इनमें "सुगम्य भारत अभियान" प्रमुख है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक भवनों, परिवहन और डिजिटल सेवाओं को दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुलभ बनाना है। "दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग" दिव्यांग व्यक्तियों के लिए शिक्षा, रोजगार और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराता है। वहीं "स्किल इंडिया" पहल के अंतर्गत दिव्यांग युवाओं को स्वरोजगार और रोजगार के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में दिव्यांग व्यक्तियों के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की गई हैं। समावेशी शिक्षा के तहत विशेष स्कूल और उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। दिव्यांगजन स्वरोजगार योजना के तहत दिव्यांग व्यक्तियों को रोजगार के अवसर देने के लिए वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण दिया जा रहा है। "सुगम छत्तीसगढ़ अभियान" के माध्यम से सार्वजनिक भवनों और परिवहन को दिव्यांग व्यक्तियों के लिए अनुकूल बनाया गया है। सरकार ने विभिन्न प्रकार के निःशुल्क उपकरण वितरण और दिव्यांग पेंशन योजना के माध्यम से दिव्यांग व्यक्तियों को आर्थिक और भौतिक सहायता प्रदान की है। फिर भी आज दिव्यांग व्यक्तियों के समक्ष कई चुनौतियां हैं। इनमें समाज में भेदभाव, सुविधाओं की कमी और रोजगार और शिक्षा में सीमित अवसर प्रमुख हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने, ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष स्कूल खोलने और तकनीकी नवाचार का उपयोग करने की आवश्यकता है।

आज दिव्यांगता को शारीरिक, मानसिक, संवेदी और बौद्धिक श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है। शारीरिक दिव्यांगता जैसे पोलियो या रीढ़ की हड्डी में चोट, दृष्टिबाधित दिव्यांगता, श्रवण बाधित दिव्यांगता, मानसिक और बौद्धिक दिव्यांगता और न्यूरोलॉजिकल दिव्यांगता मुख्य प्रकार हैं। इनके प्रमुख कारणों में जन्मजात दोष, दुर्घटनाएं, संक्रमण, कुपोषण और मानसिक आघात शामिल हैं।

# हाईवा की टक्कर से युवक की मौत

## पैदल जा रहा था घर, गुस्साए लोगों ने किया चक्काजाम, 25 हजार मिली आर्थिक सहायता



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में सोमवार की रात तेज रफ्तार हाईवा ने युवक को कुचल दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया। परिजनों को 25 हजार रुपए आर्थिक सहायता राशि देने के बाद मामला शांत हुआ। घटना पचपेड़ी थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम जोंधरा के बस स्टैंड के पास रहने वाले विजय चंदेल (46) पिता डेरहा चंदेल खेती-किसानी करता था। वो सोमवार की रात करीब 8 बजे पंचायत भवन तरफ गया था। वहां से वो पैदल अपने घर की ओर जा रहा था। इसी दौरान पचपेड़ी तरफ से आ रहे तेज रफ्तार हाईवा ने उसे चपेट में ले लिया। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया।

**बेहोश देख आसपास के लोगों ने पहुंचाया अस्पताल, मौत:** इस दौरान आसपास के लोगों ने देखा तो वो खून से लथपथ बेहोश पड़ा था। इससे पहले लोगों को पता ही नहीं चला कि, किस भारी वाहन ने उसे टक्कर मारी है। पहले आनन-फानन में लोग उसे इलाज के लिए मस्तूरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत बता दिया।

**गुस्साए लोगों ने किया चक्काजाम, मुआवजे की मांग:** इस दौरान युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजन और आसपास के लोगों का गुस्सा भड़क गया। नाराज लोगों ने मस्तूर-लवन मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों को समझाइश देने की कोशिश की। लेकिन, आक्रोशित भीड़ मृतक के परिवार को मुआवजा राशि देने की मांग पर अड़े रहे।

आखिरकार प्रशासन की तरफ से परिजनों को 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि दी गई, तब जाकर मामला शांत हुआ। मंगलवार को शव को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमॉर्टम कराया, जिसके बाद उसे परिजन को सौंप दिया गया।

# अरपा नदी का सीना चीर रहे रेत माफिया

## हाईकोर्ट के निर्देश के बाद भी अवैध उत्खनन, छापेमारी के दौरान 6 वाहन जब्त




**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में खनिज माफिया पर जिला प्रशासन का कोई लगाम नहीं है। कलेक्टर की सख्ती के बाद भी बेधड़क अवैध खुदाई चल रही है। खनिज विभाग के संरक्षण में रेत माफिया लगातार अरपा नदी में अवैध उत्खनन कर रहे हैं। टीम ने जब जांच की, तो अवैध उत्खनन और परिवहन करते 6 वाहनों को जब्त किया गया।

हाईकोर्ट के आदेश के बाद कलेक्टर अवनीश शरण ने अरपा नदी के साथ ही आसपास के इलाकों में अवैध उत्खनन पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं, जिसके बाद भी रेत माफिया बेखौफ है। प्रशासन इस पर रोक लगाने पर नाकाम है।

**इन इलाकों में रेत की अवैध खुदाई:** रेत माफिया लोधीपारा, कुदुदंड, दयालबंद से लेकर, मंगला, कोनी, सेंदरी, लोफंदी, धुरीपारा सहित कई जगहों पर सक्रिय हैं, जो कभी दिन में तो कभी रात में अवैध खुदाई कर रेत निकाल रहे हैं।कलेक्टर के निर्देश पर जिला खनिज अधिकारी के नेतृत्व में टीम ने लगातार दूसरे दिन अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया।

**दोपहर 12 बजे तक अलग-अलग इलाकों में छापेमारी:** इस दौरान सुबह पांच बजे से दोपहर 12 बजे तक अलग-अलग इलाकों में छापेमारी की गई। जांच के दौरान दो हाइवा में निम्न श्रेणी चूना पत्थर और गिट्टी के साथ ही चार ट्रैक्टर में रेत का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वाहनों को कोनी और सरकंडा थाने की अभिरक्षा में रखा गया है।

वाहन चालकों और मालिकों के खिलाफ छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 और खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

# बड़े भाई को कुल्हाड़ी से काट डाला

## सिर पर किए कई वार, नशे में लड़ाई करने पर मारा, लहूलुहान पड़ी मिली लाश



**मीडिया ऑडीटर, जांजगीर-चांपा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में मंगलवार सुबह छोटे भाई ने अपने बड़े भाई को कुल्हाड़ी से काट डाला। बताया जा रहा है कि बड़ा भाई रोजाना शराब के नशे में घर आता था। घर पर परिवार के लोगों से लड़ाई-झगड़ा करता था, जिससे परेशान होकर हत्या की है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के बिरगहनी गांव का है। युवक ने अपने बड़े भाई के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर कुल्हाड़ी से वार किया है, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना स्थल पर खून ही खून बिखरा पड़ा है। मृतक का नाम खोजराम साहू है।

**लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा:** मामले की जानकारी परिजन और पड़ोसियों को हुई। उन्होंने फौरन इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस मामले की जानकारी मिलते ही परिवारस्रु टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंची, जहां से लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

**खोजराम की हरकतों से परेशान था छोटा भाई:** पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी बलराम साहू है। वह खोजराम की हरकतों से परेशान था। खोजराम नशे में घर वालों से गाली-गलौज कर रहा था, ऐसा करने से उसे छोटा भाई मना कर रहा था, लेकिन वह मान नहीं रहा था।

**घर से कुल्हाड़ी लाकर मारा:** इस दौरान आरोपी ने घर में रखे कुल्हाड़ी को लेकर आया। गुस्से में ताबड़तोड़ कई वार किए। शरीर के कई हिस्सों में गहरे निशान बन गए हैं। सिर पर कुल्हाड़ी धंसा दिया था। इससे खून ज्यादा निकल गया। खोजराम ने मौके पर दम तोड़ दिया।

**पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा:** सिटी कोतवाली थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसने हत्या की वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मौसम विभाग का अनुमान- इस बार कम दिन चलेगी शीतलहर

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इस बार की सर्दियों में शीतलहर वाले दिन यानी कोल्डवेव डेज कम होंगे। दिसंबर से? लेकर जनवरी-फरवरी तक देश के कई हिस्सों में तापमान भी सामान्य रहेगा। मौसम विभाग ने सोमवार को ठंड को लेकर पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग के मुताबिक राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल, उत्तराखंड, झारखंड, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात? में अगले तीन महीने के दौरान ?कोल्ड वेव डेज 2 से 6 दिन कम हो सकते हैं। वहीं, दिसंबर में पहाड़ी राज्यों? को छोड़कर बाकी जगह कोल्डवेव डेज की संभावना बेहद कम? है। नॉर्थ वेस्ट, नॉर्थ ईस्ट में बारिश भी कम होगी।? इस बीच दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण अभी भी खतरनाक स्तर पर बना हुआ है। यहां मंगलवार सुबह 9 बजे तक एक्यूआई 308 रिकॉर्ड किया गया। इधर, जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग और सोनमर्ग में सोमवार रात बर्फबारी हुई। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ जिलों में पारा 10ए तक पहुंच गया। दक्षिण भारत के 3 राज्य कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल में फेंगल तूफान के कारण भारी बारिश हो रही है। पिछले 4 दिन में तमिलनाडु में तूफान से 12 मौतों का दावा किया गया है। नहीं पड़ेगी कड़ाके की ठंड, वजह- स्नो कवर एरिया घटा, बारिश बढ़ी हिमालय पर बर्फ से ढंका क्षेत्र इस साल फरवरी की तुलना में 32त्न तक घट गया है। साथ ही मानसून में इस बार 108त्न बारिश हुई थी। इन दोनों? फैक्टर्स की वजह से भी इस बार कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना कम ?है। पिछले साल यानी 2023 में स्नो कवर एरिया 40त्न था और मानसूनी बारिश 94त्न ही? हुई, जिससे कड़ाके की ठंड पड़ी ?थी।??

## भ्रूण केमिकल में डुबोकर कूरियर किया

**लखनऊ ( एजेंसी )।** लखनऊ एयरपोर्ट पर मंगलवार सुबह कूरियर के एक डिब्बे में 7 महीने का भ्रूण मिला। इसकी जानकारी कार्गो के सामान की स्कैनिंग के दौरान मिली। शव प्लास्टिक के डिब्बे में पैक था। अंदर लिक्विड भरा था। पुलिस के मुताबिक इसे नवी मुंबई भेजा जा रहा था। इस कूरियर को हजरतगंज स्थित इंदिरा आईवीए हॉस्पिटल से चंदन यादव ने बुक कराया था। कूरियर एजेंट शिव बरन को सीआईएसएफ ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। उससे पूछताछ जारी है। डिब्बे को इंडिगो की फ्लाइट 6ई 2238 से लखनऊ से मुंबई भेजा जा रहा था। लखनऊ एयरपोर्ट पर रोजाना स्टाफ कार्गो के लिए बुक होने वाले सामान की स्कैनिंग करता है। इसी दौरान एक प्राइवेट कंपनी का कूरियर एजेंट सामान बुक कराने आया। कार्गो स्टाफ अंकित कुमार ने उसके सामान की स्कैनिंग शुरू की। इस दौरान एक भ्रूण डिटेक्ट हुआ। इसके बाद कार्गो कर्मचारियों ने पैकेट खोला, देखा तो प्लास्टिक के डिब्बे के अंदर भ्रूण था।

# चंडीगढ़ में मोदी बोले- तारीख पर तारीख के दिन खत्म

**चंडीगढ ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार (3 दिसंबर) को चंडीगढ़ के पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज में 3 नए कानूनों को लागू करने की समीक्षा की। इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह भी उनके साथ रहे। यहां उन्होंने चंडीगढ़ में लागू किए गए कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का डेमो भी देखा। पहले गृह मंत्री अमित शाह ने संबोधन में कहा कि नए कानूनों के बाद हमें अंग्रेजों के जमाने के गुलाम क्रिमिनल सिस्टम से छुटकारा मिल गया है। अब तारीख पर तारीख का खेल खत्म हो गया है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब तारीख पर तारीख के दिन लद गए यानी खत्म हो गए हैं। नए कानूनों से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई मजबूत होगी। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में आने वाली कानूनी अड़चन दूर होगी।

पीएम मोदी ने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ देश में 1857 में विद्रोह शुरू हुआ था। उसके



बाद 1860 में अंग्रेजों ने आईपीसी बनाई। इन कानूनों का मकसद भारतीय को दंड देना, उन्हें गुलाम बनाना था। कई लोगों के बलिदान के बाद 1947 में देश को आजादी मिली। जब आजादी की सुबह आई तो कैसे-कैसे सपने थे, लोगों में कितना उत्साह था। लोगों ने सोचा था कि अंग्रेज चले गए हैं तो अंग्रेजों के कानूनों से भी मुक्ति मिलेगी। यह कानून अंग्रेजों के शोषण करने का जरिया थे, जिनसे वह भारत में अपनी सत्ता मजबूत करना चाहते थे। मोदी ने आगे कहा कि देश की आजादी के दशकों बाद भी हम उसी दंड संहिता के इर्द-गिर्द घूमते रहे। हालांकि इन कानूनों में थोड़ा-बहुत बदलाव जरूर हुआ, लेकिन इनका चरित्र वही बना रहा। आजाद देश में गुलामों के लिए बने कानूनों को क्यों ढोया जाए, न हमने यह बात उनसे पूछी, न ही शासन कर रहे लोगों ने समझी। इन्होंने भारत की विकास यात्रा को प्रभावित किया। देश अब उस गुलामी से बाहर निकले। इसके लिए राष्ट्रीय चिंतन आवश्यक था।

## देवेंद्र फडणवीस वर्षा बंगले पर एकनाथ शिंदे से मिलने पहुंचे

**मुंबई/नई दिल्ली ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र में सीएम पद को लेकर सस्पेंस के बीच देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार शाम कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुंबई में मुलाकात की। फडणवीस शिंदे के बंगले वर्षा पहुंचे थे, जहां दोनों के बीच अकेले में करीब आधे घंटे बातचीत हुई। महाराष्ट्र चुनाव के बाद यह दोनों की दूसरी मुलाकात है। इससे पहले दोनों दिल्ली में मिले थे। फडणवीस से पहले भाजपा नेता गिरीश महाजन ने शिंदे से मुलाकात की थी। सूत्रों के मुताबिक, बंगले के चैम्बर रूम में महाजन, शिंदे और उदय सामंत के बीच मंत्रालय के बंटवारे पर चर्चा की गई है। शिंदे आज ही ठाणे से मुंबई स्थित अपने सरकारी आवास वर्षा बंगले पहुंचे हैं। वे शुक्रवार को ठाणे गए थे, अब 4 दिन बाद वापस लौटे हैं।



ठाणे में उन्होंने अस्पताल में अपना रुटीन चेकअप कराया, इसके बाद जब उनसे पूछा गया कि तबीयत कैसी है, तो उन्होंने कहा- सेहत अच्छी है।

## चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की सुनवाई से सीजेआई हटे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** 2 मार्च 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया था, जिसमें कहा गया था कि सीजेआई और ईसी की नियुक्ति तीन सदस्यीय पैनल की तरफ से की जाएगी। इसमें प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस शामिल होंगे। सुप्रीम कोर्ट की 5 सदस्यीय बेंच ने यह फैसला सुनाया था। इसमें सीजेआई संजीव खन्ना भी शामिल थे, तब वे सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस थे। हालांकि 21 दिसंबर 2023 को सरकार ने एक नया विधेयक पारित किया, जिसमें चीफ जस्टिस को पैनल से हटा दिया गया और उनकी जगह एक केंद्रीय मंत्री को शामिल किया गया। इसे प्रधानमंत्री चुनेंगे। केंद्र सरकार के इसी फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कांग्रेस कार्यकर्ता जया ठाकुर ने याचिका दायर की है। इस विवाद के बावजूद केंद्र ने ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त किया था।



2 मार्च 2023- सुप्रीम कोर्ट का फैसला- सिलेक्शन पैनल में सीजेआई को शामिल करना जरूरी सीईसी और ईसी की नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एक पैनल करेगा। इसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और सीजेआई भी शामिल होंगे। इससे पहले सिर्फ केंद्र सरकार इनका चयन करती थी।

यह कमेटी सीईसी और ईसी के नामों की सिफारिश राष्ट्रपति से करेगी। इसके बाद राष्ट्रपति मुहर लगाएंगे। तब जाकर उनकी नियुक्ति हो पाएगी।

कोर्ट ने यह भी कहा कि यह प्रोसेस तब तक लागू रहेगा, जब तक संसद चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर कोई कानून नहीं बना लेती।

## अखिलेश बोले- चुनाव की वजह से संभल में हिंसा हुई

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** संसद सत्र के छठवें दिन मंगलवार को अडाणी और संभल हिंसा पर एक बार फिर हंगामा हुआ। सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा, संभल में जो घटना हुई, वह एक सोची-समझी साजिश है। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि उत्तर प्रदेश में चुनाव था। अफसरों पर एफआईआर होनी चाहिए। अखिलेश यादव के बयान पर सपा सांसद राम गोपाल यादव ने कहा, किसी अधिकारी के खिलाफ मुकदमा कायम नहीं हुआ। जो संभल में हुआ उसी आधार पर बदायूं, जौनपुर और अजमेर शरीफ में जो हो रहा है ये सारे देश में आग लगाने की साजिश है कि नहीं? उन्होंने कहा- 24 नवंबर को सुबह 6 बजे पूरे संभल में पुलिस तैनात कर दी गई। संभल के लोगों को पता ही नहीं



था कि पुलिस क्यों तैनात की जा रही है। कुछ देर बाद डीएम, एसएसपी, वकील और कुछ लोग पुलिस के साथ ढोल बजाते हुए मस्जिद में घुस गए। भीड़ को शक था कि वे मस्जिद में तोड़फोड़ करने जा रहे हैं।

विपक्ष ने संसद के बाहर अडाणी मुद्दे पर प्रदर्शन किया इससे पहले संसद के बाहर विपक्षी इंडिया ब्लॉक ने अडाणी और संभल मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। विपक्ष इसकी जांच के लिए जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी की मांग कर रहा है। हालांकि इस प्रदर्शन में तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी शामिल नहीं हुई।

गौतम अडानी की कंपनी पर यूएस में निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने और एक सोलर एनर्जी कॉन्ट्रेक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि 2020 से 2024 के बीच अडानी ग्रीन और एज्योर पावर ग्लोबल को सोलर प्रोजेक्ट दिलाने के लिए गलत तरीके से भारतीय अधिकारियों को करीब 2236 करोड़ रुपए रिश्वत दी गई।

## गडकरी बोले- राजनीति अतृप्त आत्माओं का महासागर

**नागपुर ( एजेंसी )।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि राजनीति अतृप्त आत्माओं का एक सागर है, जहां हर व्यक्ति उदास है और अपनी मौजूदा पोजिशन से ऊंची पोस्ट की उम्मीद लगाए बैठा है। रविवार को नागपुर में किताब '50 रूल्स ऑफ गोल्डन लाइफ' के लॉन्च के दौरान उन्होंने यह बात कही।

उन्होंने कहा कि जिंदगी समझौतों, मजबूरियों, सीमाओं और विरोधाभासों का खेल है। इंसान चाहे परिवार के बीच हो, समाज में हो, राजनीति में या कॉर्पोरेट जीवन में, जिंदगी चुनौतियों



और परेशानियों से भरी रहती है। व्यक्ति को इनका सामना करने के लिए 'आर्ट ऑफ लिविंग' सीखना चाहिए।

गडकरी बोले- मुख्यमंत्री को डर है कि उसे हाईकमान कब हटा दे गडकरी ने हाल में राजस्थान के कार्यक्रम का जिक्र किया। यहां उन्होंने कहा था कि राजनीति अतृप्त आत्माओं का महासागर है। हर कोई यहां दुखी है। कॉर्पोरेटर उदास है, क्योंकि उसे विधायक बनने का मौका नहीं मिला, विधायक दुखी है क्योंकि उसे मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया। जो मंत्री बन गया, वह दुखी है क्योंकि उसे अच्छा विभाग नहीं मिला और वह मुख्यमंत्री नहीं बन पाया। और मुख्यमंत्री इस बात से परेशान है कि उसे नहीं पता हाईकमान कब उसे हटने को कह देगा।

## सुप्रीम कोर्ट का निर्देश- सेक्सुअल हैरेसमेंट पर राज्य कंप्लेंट कमेटी बनाएं

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सभी राज्य वर्क-प्लेस पर महिलाओं को सेक्शुअल हैरेसमेंट से बचाने के लिए इंटरनल कंप्लेंट कमेटी बनाएं। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने गोवा यूनिवर्सिटी के एक पूर्व प्रोफेसर की याचिका पर मंगलवार को यह निर्देश दिया। बेंच ने कहा कि, महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रिवेंशन ऑफ सेक्शुअल हैरेसमेंट एक्ट 2013 में आया था। इतने वक्त बाद भी इसे लागू करने में इतनी गंभीर खामियां मिलना चिंताजनक है।

ऐसा होना बहुत ही ज्यादा दुखद है, क्योंकि इसका राज्यों की कार्यशैली, पब्लिक अथॉरिटी और पब्लिक संस्थानों पर खराब असर पड़ता है। दरअसल, याचिकाकर्ता ऑरेलियानो फर्नांडीस ने पूछा- सुप्रीम कोर्ट ने मई 2023 के एक आदेश में केंद्र और राज्य सरकारों से एक वैरिफिकेशन के लिए बोला था। इसमें कहा गया था कि क्या वर्कप्लेस पर सेक्शुअल हैरेसमेंट के आरोपों की जांच के लिए सभी मंत्रालयों और विभागों में पैनल बनाए गए हैं या नहीं।

# बैलट से वोटिंग कैंसिल

**सोलापुर ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र के सोलापुर में मार्करवाड़ी गांव में मंगलवार को बैलट पेपर पर डमी वोटिंग होनी थी, लेकिन प्रशासन की सख्ती और पुलिस के दखल के बाद इसे कैंसिल कर दिया गया। हालांकि, गांव में कुछ लोगों ने बैलट पेपर से वोटिंग की पूरी तैयारी कर ली थी। सुबह 8 बजे से वोटिंग होनी थी, लेकिन पुलिस और प्रशासन ने इसे रोक दिया।

कुछ लोग जो जबरन वोटिंग के लिए गए उन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। गांव में 5 दिसंबर तक धारा 163 के तहत 5 से ज्यादा लोगों के इकट्ठा होने पर रोक लगा दी गई है।

दरअसल, मालशिरस विधानसभा सीट पर एनसीपी-एससी कैंडिडेट उत्तमराव जानकर को मार्करवाड़ी से विधानसभा चुनाव के दौरान 843 वोट मिले, जबकि ईवीएम के राम सातपुते को 1003 वोट मिले।

रिजल्ट सामने आने के बाद मार्करवाड़ी के लोगों ने 3 दिसंबर को बैलट पेपर पर वोटिंग कराने का फैसला किया। गांव वालों का कहना था कि गांव में 2000 वोटर्स थे, 1900 ने वोट डाला था।

ऐसे में यह संभव नहीं सातपुते को 1003 वोट मिले हों। उन्हें ईवीएम पर भरोसा नहीं है, इसलिए बैलेट पेपर से रीपोलिंग करवाई जाए। दोनों के नंबर्स टैली करके तय होना था कि ईवीएम से वोट मैनेज नहीं हुए थे।

## श्रीनगर में लश्कर का आतंकी जुनैद अहमद मारा गया

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** श्रीनगर में दाचीगाम के जंगलों से लगे हरवान इलाके में सुरक्षाबलों ने लश्कर के आतंकी जुनैद अहमद भट को मार गिराया है। वह आतंकवादी हमलों में नागरिकों की हत्या में शामिल था।

22 दिन में यह दूसरी मुठभेड़ है, जो सोमवार रात से चल रही है। हालांकि, अभी बाकी आतंकियों की तलाश जारी है। सेना ने आतंकियों को खोजने के लिए दाचीगाम जाने वाले सभी रास्तों को सील कर दिया है।

इससे पहले हरवान जंगल में कुछ आतंकियों के छिपे होने की खबर पर सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया। जंगल में पहुंचे जवानों पर पहले आतंकियों ने गोली चलाई। थोड़ी ही देर में आतंकियों ने भारी गोलीबारी शुरू कर दी। 22 दिन पहले 10 नवंबर को भी हरवान के जंगल में एक एनकाउंटर हुआ था, लेकिन तब आतंकी भागने में कामयाब हुई थे। कई घंटों तक गोलीबारी के बाद एनकाउंटर बंद कर दिया गया। तब भी 2-3 आतंकियों की छिपे होने की खबर मिली थी।

हरवान का जंगल साउथ कश्मीर के पुलवामा से जुड़ा है हरवान का जंगल साउथ कश्मीर के पुलवामा के त्राल के जंगल से भी जुड़ा हुआ है। आशंका है कि आतंकी इसी इलाके से हरवान के जंगल पहुंचे थे। 10 नवंबर को आतंकी एनकाउंटर से भागने में कामयाब हुए थे। कई घंटों के ऑपरेशन के बाद भी आतंकियों की लोकेशन सुरक्षाबलों को नहीं मिली थी।

## आर्मी कैंप से लापता शख्स को ढूंढ रहे 2000 जवान

**इंफाल ( एजेंसी )।** मणिपुर के लीमाखोंग कैंप से 25 नवंबर को लापता हुए 56 साल के लैशराम को सेना और पुलिस के 2000 जवान मिलकर खोज रहे हैं।

मणिपुर पुलिस सोमवार को किए फेसबुक पोस्ट में बताया कि लैशराम का पता लगाने के लिए मणिपुर पुलिस हेलीकॉप्टरों, ड्रोन और सेना के ट्रैकर कुत्तों की मदद ले रही है। इसके लिए टेक्नोलॉजी का सहारा भी लिया जा रहा है। लैशराम कमलबाबू के लापता होने पर सेकमाई पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। इसके बाद 30 नवंबर को सीएम बीरेन सिंह ने कहा था कि लापता शख्स सेना के अधिकारियों के लिए फर्नीचर बनाता था।

वह सेना के कैंपस से गायब हुआ इसलिए सेना को ही उसे खोजने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इनर मणिपुर से कांग्रेस सांसद ए. बिमोल अकोईजाम ने भी मंगलवार को कहा, आर्मी कैंप से एक व्यक्ति के लापता होने का मामले पर मैंने मीडिया के जरिए अपील की थी।

## तमिलनाडु में फेंगल तूफान से 12 लोगों की मौत, डेढ़ करोड़ प्रभावित

**चेन्नई ( एजेंसी )।** तमिलनाडु में 30 नवंबर को आए फेंगल तूफान से अबतक 12 लोगों की मौत हो चुकी है, डेढ़ करोड़ लोग प्रभावित हैं। ष्टरूस्टालिन ने सोमवार को पीएम मोदी को चिट्ठी लिखकर ?2 हजार करोड़ रिलीफ फंड की मांग की। पीएम मोदी ने आज सुबह फोन पर स्टालिन से बात की और मदद का भरोसा दिया।

स्टालिन ने चिट्ठी में लिखा- 69 लाख परिवारों के 1.5 करोड़ लोग तूफान से बुरी तरह से प्रभावित हैं। 2,416 झोपड़ियां, 721 घर, 963 मवेशियों की मौत, 2 लाख हेक्टेयर जमीन बर्बाद, 9,000द्मद्व की सड़कें, 1,936 स्कूल तबाह हो चुके हैं।

उन्होंने लिखा कि विल्लुपुरम, तिरुवन्नामलाई और कल्लाकुरिची में एक ही दिन में पूरे सीजन (50 सेमी से ज्यादा) के बराबर बारिश हुई, जिससे बाढ़ आ गई।



टेंपरेरी तौर पर सब कुछ ठीक करने के लिए 2,475 करोड़ की आवश्यकता होगी। एनडीआरएफ फंड के जरिए तत्काल 2 हजार करोड़ रुपए की मदद करें।

## त्रिपुरा में बांग्लादेशियों को रहना-खाना नहीं मिलेगा

**अगरतला ( एजेंसी )।** अगरतला में सोमवार को त्रिपुरा कांग्रेस ने बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। चिन्मय प्रभु की रिहाई के लिए मांग की गई।

त्रिपुरा के होटल और रेस्टोरेंट संचालकों ने बांग्लादेशी यात्रियों को अपने यहां खाना और कमरा न देने का फैसला लिया है। ऑल त्रिपुरा होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा के चलते सोमवार को इमरजेंसी मीटिंग में यह फैसला लिया।

ऑल त्रिपुरा होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी सैकत बंदोपाध्याय ने कहा- बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहा है। पहले भी ऐसी घटनाएं होती थी पर अब सीमा पार हो चुकी है। हम बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों



के साथ हो रहे व्यवहार की आलोचना करते हैं।

अस्पताल पहले ही इलाज से मना कर चुके त्रिपुरा और कोलकाता के अस्पताल भी बांग्लादेशियों का इलाज करने से मना कर चुके हैं। त्रिपुरा के अस्पताल ने शनिवार को बांग्लादेशियों का इलाज करने से इनकार कर दिया था।

कोलकाता के सिलीगुड़ी में डॉक्टर शेखर बंदोपाध्याय ने अपने प्राइवेट क्लिनिक में तिरंगा लगाकर मैसेज लिखा था- भारत का राष्ट्रीय ध्वज हमारी मां की तरह है। कृपया चैंबर में एंट्री करने से पहले तिरंगे को सलाम करें। खासकर बांग्लादेशी मरीज, अगर वे सलाम नहीं करते हैं, तो उन्हें अंदर आने नहीं दिया जाएगा।

असिस्टेंट हाई कमीशन में घुसपैठ मामले में 4 पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में सोमवार को बांग्लादेशी असिस्टेंट हाई कमीशन के आसपास कई लोगों ने चटगांव इस्कॉन के पूर्व प्रमुख चिन्मय प्रभु की गिरफ्तारी के विरोध में रैली निकाली थी। इस दौरान 50 से ज्यादा प्रदर्शनकारी बांग्लादेशी असिस्टेंट हाई कमीशन के परिसर में घुस गए।

## संक्षिप्त समाचार

### रुपया दो पैसे बढ़कर 84.58 डॉलर पर

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में स्थिर खुला और अपने सर्वकालिक निम्न स्तर से केवल दो पैसे चढ़कर 84.58 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी ने निवेशकों की भावनाओं को और प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.59 प्रति डॉलर पर खुला और सीमित दायरे में कारोबार करता हुआ 84.58 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले केवल दो पैसे की बढ़त दर्शाता है। शुरुआती कारोबार में यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने सर्वकालिक निम्न स्तर 84.60 पर भी पहुंच गया। रुपया शुक्रवार को अपने सर्वकालिक निचले स्तर 84.60 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

### सोना-चांदी के भावों में आई गिरावट

**नई दिल्ली।** दिसंबर महीने के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सोने-चांदी खरीदने वालों को राहत मिली है। सोमवार को सोने-चांदी के वायदा भाव में गिरावट देखी जा रही है। एमसीएक्स पर सोना 0.97 फीसदी गिरकर 76,382 रुपए प्रति 10 ग्राम के आसपास और चांदी 1.16 फीसदी गिरावट के साथ 90,147 रुपए के आसपास कारोबार कर रही है। शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 700 रुपए की तेजी के साथ 79,400 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। गुरुवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 78,700 रुपए प्रति 10 ग्राम रही थी। चांदी की कीमत भी 1,300 रुपए उछलकर 92,200 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। जबकि गुरुवार को चांदी 4,900 रुपए टूटकर 90,900 रुपए प्रति किलोग्राम रही थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 700 रुपए बढ़कर 79,000 रुपए के स्तर पर पहुंच गया जो गुरुवार को 78,300 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बाजार सूत्रों ने कहा कि विदेशों में सकारात्मक रुख और घरेलू मांग में वृद्धि के कारण बाजार धारणा मजबूत हुई, जिससे मुख्यत~ सोने की कीमतों में तेजी आई।

### नायका पर शुरू हुई एक और धमाकेदार सेल

**मुंबई।** नायका की पिंक फ्राइडे सेल ने दिखाया अपना जादू और अब एक और धमाकेदार सेल के रूप में वापस आ रहा है। यह सेल 2 दिसंबर से शुरू हो गई है जो 4 दिसंबर तक चलेगी और उसमें 50 फीसदी तक की छूट के साथ बहुत सारे ऑफर्स भी हैं। नायका की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर, नायका के मोबाइल ऐप पर या फिर नायके के स्टोर पर जाकर आप इस सेल का लाभ उठा सकते हैं। पिंक फ्राइडे सेल में चार्लोट टिलबरी, मैक, मेबेललाइन जैसे ब्रांड्स के उत्पादों पर 60 फीसदी तक की छूट दी जा रही है। इस सेल में ब्यूटी और पर्सनल केयर उत्पाद, फैशन और एक्सेसरीज, होम और किचन उत्पाद और हेल्थ और वेलनेस प्रोडक्ट्स पर भी 50 फीसदी तक की छूट दी जा रही है।

# डयूटीसी फाइनल के लिए भारत, ऑस्ट्रेलिया दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका हैं प्रबल दावेदार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका को प्रबल दावेदार माना जा रहा है। यहां तक कि यहां तक कि न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड से हारकर भी फाइनल की रेस से पूरी तक बाहर नहीं हुई है। दौड़ में बने रहने उसे अपने बाकी बचे दो मैच जीतने होंगे। इसके अलावा उम्मीद करनी होगी कि भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया को 5 मैचों की सीरीज में 2-1 से हराए। दक्षिण अफ्रीका की टीम श्रीलंका को 2-0 और पाकिस्तान को 2-0 या 2-1 से हराए। फिर श्रीलंका की टीम ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराए या सीरीज 1-1 से बराबर रहे। भारतीय टीम ने पिछली 2 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया है। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने भी अपनी घरेलू धरती पर पाकिस्तान और श्रीलंका को कई बार हराया है। भारतीय टीम अगर ऑस्ट्रेलिया को 4-0 या 4-1 से सीरीज में हराए तो उसका फाइनल खेलना तय है। वहीं अगर भारत अगर 3-2 से सीरीज जीते तो उसके 58.77 अंक रहेंगे। ऐसा होने पर उसे चाहिये होगा कि ऑस्ट्रेलिया की टीम श्रीलंका से सीरीज ना जीते। भारतीय टीम अगर ऑस्ट्रेलिया से 3-2 या 2-1 से जीती तो दूसरी टीमों के प्रदर्शन से उसका फाइनल में पहुंचना तय होगा। वहीं यदि ऑस्ट्रेलिया की टीम यदि भारत को 3-1, 4-1 सर




4-0 से हराए और फिर श्रीलंका से भी सीरीज जीते तो फाइनल में पहुंचेगी। . यदि ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत से 2-1 से जीते और फिर श्रीलंका को 2-0 से हराए तो भी फाइनल में पहुंच सकती है। इसके अलावा अगर ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत से सीरीज हार जाए और उसके बाद श्रीलंका को 2-0 से हराए तो तो भी वह फाइनल में पहुंच जाएगी। दक्षिण अफ्रीका के डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने की संभावना सबसे अधिक है. उसके डब्ल्यूटीसी पॉइंट टेबल में 59.26 अंक (परसेंट) हैं। उसे अभी 3 मैच और खेलने हैं। उसके तीनों ही मैच घर पर हैं. इनमें से दो मैच जीतकर भी वह फाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकता है। अगर श्रीलंका की टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज बराबर करा ले तो उसके 54.55 अंक (परसेंट) हो जाएंगे।

अगर श्रीलंका की टीम इसके बाद ऑस्ट्रेलिया को अपने घरेलू सीरीज में दोनों मैच हरा दे तो वह 61.54 अंक (परसेंट) तक पहुंच सकती है, जो वह आसानी से फाइनल में पहुंच जाएगी। अगर भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से 2-1 से सीरीज जीते तो उस पर फाइनल से बाहर होने का पूरा खतरा बना रहेगा। ऐसा होने पर भारत के 57.02 अंक (परसेंट) रहेंगे। ऑस्ट्रेलिया को भारत के बाद श्रीलंका में भी सीरीज खेलनी है। अगर ऑस्ट्रेलिया-श्रीलंका की सीरीज 1-1 से बराबर रहे तो वह बाहर हो जाएगी।

### बुमराह की गिनती महानतम खिलाड़ियों में होगी : हेड

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि आने वाले समय में उनकी गिनती महानतम खिलाड़ियों में होगी। बुमराह ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में बेहतरीन प्रदर्शन कर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। हेड ने कहा, 'बुमराह को इस खेल को खेलने वाले सबसे महान तेज गेंदबाजों में से एक के रूप में जाना जाएगा। अभी हम यह पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि वह हमारे लिए किस प्रकार की चुनौती पेश करते हैं। उसके खिलाफ खेलना अच्छा है। जब मैं भविष्य में अपने करियर पर नजर डालूंगा तो बड़े गर्व से अपने पोते पोतियों को बताऊंगा कि मैंने बुमराह जैसे गेंदबाज का सामना किया था। इसलिए उनके खिलाफ खेलना नुकसानदेह नहीं है। उम्मीद है मुझे आगे भी उनके खिलाफ खेलने का अवसर मिलेगा हालांकि उनका सामना करना चुनौती पूर्ण है। हेड भारत के खिलाफ पर्थ में अर्धशतक बनाने वाले अकेले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज थे जब बुमराह के सामने शीर्ष क्रम रनों के लिए संघर्ष कर रहा था तो वह जमे रहे। इस खिलाड़ी ने कहा, 'यह निश्चित है कि अन्य खिलाड़ी इसके बाद भी मुझसे बल्लेबाजी की सलाह नहीं लेंगे क्योंकि प्रत्येक खिलाड़ी के खेलने का अपना तरीका होता है। दोनों टीमें अब शुक्रवार से एडिलेड में दिन-रात का टेस्ट खेलेंगी जहां भारतीय टीम साल 2020 में 36 रन पर आउट हो गयी थी। हेड ने उस मैच को याद करते हुए कहा, 'मुझे याद है कि वह मैच जल्दी समाप्त हो गया था।

# आईपीएल 2025 नीलामी में अच्छी टीम मिली : पांड्या

**मुम्बई।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि है कहा है कि 2025 आईपीएल सत्र के लिए जो टीम नीलामी के बाद उन्हें मिली है वह अच्छी है। साथ ही कहा कि वह ऐसी ही टीम चाहते थे। पांड्या के अनुसार नीलामी में वह जिन खिलाड़ियों को चाहते थे, उनके बारे में कोचिंग स्टाफ के साथ संपर्क में भी बने हुए थे। आईपीएल नीलामी में मुम्बई ने दीपक चाहर, नमन धीर, रॉबिन मिंज, कर्ण शर्मा, राज अंगद बावा जैसे भारतीय खिलाड़ियों के अलावा ट्रेंट बोल्ट, विल जैक्स, रयान रिकलेटन, मिशेल सेंटनर, लिजाद विलियम्स और रीस टॉपले जैसे अनुभवी विदेशी खिलाड़ियों को भी शामिल किया है। इसके अलावा गजनफर, बेवॉन जैकब्स, विग्नेश पुथुर और वेंकट सत्यनारायण राजू जैसे कम प्रसिद्ध खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। हार्दिक ने सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो में कहा, मैं संपर्क में था, हम वास्तव में किसके लिए जा रहे हैं और मुझे लगता है कि हम नीलामी से काफी अच्छे निकले हैं और टीम अच्छी दिख रही है। हमने सही मिश्रण पाया है, जिसमें अनुभवी खिलाड़ी हैं। बोल्ट वापस आ गए हैं, दीपक चाहर, अच्छा ऑलराउंडर हैं, और साथ ही विल जैक्स, रॉबिन मिंज और




रिकेल्टन जैसे युवा खिलाड़ी, जो नए हैं। इसलिए मुझे लगता है कि हमने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। हमने सभी आधारों को कवर किया है। उन्होंने कहा, नीलामी की गतिशीलता हमेशा मुश्किल होती है। आप जानते हैं कि जब आप इसे लाइव देख रहे होते हैं, तो यह बहुत रोमांचक होता है और भावनाएं हमेशा ऊपर-नीचे होती रहती हैं क्योंकि आप इस खिलाड़ी को चाहते हैं लेकिन कभी-कभी आप हार जाते हैं। बहुत भावुक न होना बहुत महत्वपूर्ण है, और अंत में हमें एक पूरी टीम बनानी होगी।

# भविष्य को देखते हुए वाशिंगटन सुंदर को तैयार कर रहा टीम प्रबंधन : हरभजन

**मुंबई।** दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि टीम प्रबंधन अब भविष्य को देखते हुए स्पिन ऑलराउंडर के तौर पर वाशिंगटन सुंदर को तैयार करे। युवा वाशिंगटन सुंदर कोच को गौतम गंभीर भी पसंद करते हैं। हरभजन के अनुसार अभी तक आर अश्विन ने भारतीय टीम की ओर से शानदार प्रदर्शन किया है पर अब आने वाले समय को देखते हुए उनका विकल्प तैयार रखना होगा। अश्विन ने अपने करियर में भारत के लिए खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया है प अब उनकी उम्र बढ़ती जा रही है। हरभजन ने कहा कि अब अश्विन 38 साल है इसलिए टीम प्रबंध्न वाशिंगटन सुंदर को को अवसर दे रहा है क्योंकि जब भी अश्विन संन्यास लेंगे तो वह उनके साथ होगा। टीम को लगता है कि उन्हें वाशिंगटन को तैयार करना है इसलिए मुझे लगता है कि वे उसी राह पर काम कर रहे हैं। भारतीय टीम अभी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 6 दिसंबर से शुरु




होने वाले दिन-रात के दूसरे टेस्ट की तैयारी कर रही है। भारतीय टीम अपनी इसमें अपनी अंतिम 11 को लेकर संशय में है। टीम के नियमित कप्तान रोहित शर्मा वापस टीम से जुड़ चुके हैं। वहीं शुभमन गिल भी अंगूठे की चोट से उभरने के बाद वापसी कर रहे हैं। ऐसे में पहले टेस्ट की विजेता टीम से दो लोगों को बाहर रखन होगा।

# जोकोविच ने इस कारण बनाया मर्रे को अपना नया कोच

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी जुआन मार्टिन डेल पोत्रो के लिए विदाई मैच को खेलने आये सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने ब्रिटेन के शीर्ष खिलाड़ी एंडी मर्रे को अपना नया कोच बनाया है। जोकोविच के अनुसार वह मर्रे को अच्छी तरह से जानते हैं। इसलिए उन्होंने उसे अपना कोच बनाया है। जोकोविच ने कहा है कि जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए वह मर्रे के साथ ही अभ्यास करेंगे। मार्च में गोरान इवानिसेविच से अलग होने के बाद से पूर्णकालिक कोच के बिना खेल रहे जोकोविच ने कहा, 'वह मेरे खेल और जिन परिस्थितियों से मैं गुजरा हूं उन्हें अच्छी तरह से



समझता है। वह जानता है कि मेरे खेल में क्या कमजोरियां हैं। जोकोविच ने कहा, 'जब मैं जूनियर वर्ग में खेला करता था तब से मैंने उनके खिलाफ काफी टेनिस खेली है और ऐसे बहुत कम खिलाड़ी हैं जिन्होंने कई ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। उन्होंने टेनिस इतिहास में किसी भी अन्य खिलाड़ी की तुलना में नंबर एक पर सबसे अधिक सप्ताह बिताए हैं। मर्रे ने तीन ग्रैंड स्लैम खिताब और दो ओलंपिक एकल स्वर्ण पदक जीते। वह 2016 में एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर रहे। उन्होंने अगस्त में पेरिस ओलंपिक के बाद संन्यास ले लिया था। मर्रे और जोकोविच दोनों की उम्र भी तकरीबन 37 वर्ष के है। वे जूनियर वर्ग से एक दूसरे के खिलाफ खेलते रहे हैं। पेशेवर खिलाड़ी के रूप में इन दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ 36 मैच खेले जिनमें जोकोविच ने 25 और मर्रे ने 11 मैच में जीत दर्ज की।

# दूसरी सबसे बड़ी लीग बनती जा रही एसए20: स्मिथ




**मुंबई।** पूर्व क्रिकेटर ग्रीम स्मिथ ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीकी अफ्रीकी क्रिकेट लीग एसए20 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी लीग बनने की राह पर है। स्मिथ एसए20 लीग के आयुक्त हैं और उनका लीग को इस स्तर तक आने में विशेष योगदान रहा है। एसए20 का आयोजन पहले दो सत्र में अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के साथ ही किया गया था पर इस बार यह लीग नए साल में होने वाले टेस्ट मैच के बाद खेली जाएगी। दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय टीम में शामिल खिलाड़ी भी इसमें भाग ले सकें। प्रतियोगिता के तीसरे सत्र में भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक भी इसमें खेलेंगे। वह इस लीग में इसमें खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनेंगे। स्मिथ ने कहा,''यह कहना सही नहीं लगता कि आप दुनिया की दूसरे नंबर की लीग बनना चाहते हैं पर सच्चाई यही है कि आईपीएल का कोई जवाब नहीं है। वह अविश्वसनीय टूर्नामेंट है जिसने क्रिकेट को बदल कर रख दिया'' उन्होंने कहा,''हम भाग्यशाली हैं कि हमने आईपीएल की छह फ्रेंचाइजी को अपनी तरफ आकर्षित किया है। हमने एसए20 को आगे बढ़ाने के लिए बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के साथ मिलकर काम किया। हमें उनसे काफी कुछ सीखने को मिला।'' कार्तिक इस टूर्नामेंट में पार्ल रॉयल्स के लिए खेलेंगे। वह लीग के भारत के दूत भी हैं। उन्होंने कहा कि इस साल की शुरुआत में सभी प्रारूपों से संन्यास लेने के बाद एसए20 सबसे अच्छी प्रतियोगिता थी जिसमें वह भाग ले सकते थे। कार्तिक ने कहा,''जब मैंने आईपीएल के बाद संन्यास लेने की घोषणा की तो तब भी मैं क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहता था। मैं सोच रहा था कि मेरे लिए क्या विकल्प है और इसका पता कैसे करना है क्योंकि मैं कभी किसी अन्य लीग का हिस्सा नहीं रहा।'' उन्होंने कहा,''मैंने उन खिलाड़ियों से पूछा जो अन्य लीग का हिस्सा रहे हैं और एक बात जो सर्वसम्मति से सामने आई, वह यह थी कि एसए20 अभी आईपीएल के बाद सबसे बेहतर टूर्नामेंट है।

# ईसीबी ने पीएसएल सहित विश्व की अन्य फ्रेंचाइजी लीगों में अपने खिलाड़ियों के खेलने पर रोक लगायी

## केवल आईपीएल में ही खेल सकेंगे

**लंदन।** इंग्लैंड के खिलाड़ी अब पाकिस्तान सुपर लीग में नहीं खेल पाएंगे। इसका कारण है कि इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने अपनी खिलाड़ियों के इस लीग में आने पर प्रतिबंध लगा दिया है। ईसीबी के अनुसार पीएसएल के समय ही देश में घरेलू सत्र भी चलता है। ऐसे में खिलाड़ियों की उपलब्धता में आ रही परेशानी को दूसरे करने के लिए ईसीबी ने अपने खिलाड़ियों के उस समय कहीं और खेलने पर रोक लगा दी है। आईपीएल पर ये प्रतिबंध लागू नहीं होता है। इंग्लैंड ने हाल ही में आईपीएल के अगले तीन सीज के लिए अपने खिलाड़ियों की पूरी उपलब्धता की पुष्टी की है। खिलाड़ियों को आईपीएल के अलावा पीएसएल और दुनिया की अन्य फ्रेंचाइजी लीगों में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी क्योंकि ये गर्मियों में घरेलू सत्र के साथ टकराती हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि, ईसीबी खिलाड़ियों को वाइटैलिटी ब्लास्ट और हंड्रेड के साथ टकराने वाले किसी भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं देगी। नई नीति के तहत जो खिलाड़ी अब फर्स्ट क्लास क्रिकेट नहीं खेलते हैं उन्हें भी इंग्लिश घरेलू व्हाइट-बॉल खेलों को मिस करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ईसीबी के मुख्य अधिकारी रिचर्ड गोल्ड ने कहा कि हमें अपने खेल और अपनी प्रतियोगिताओं की मजबूती को बनाये रखने की आवश्यकता है।

# विश्व कप जीतने की कमी 2026 में पूरी करना चाहते हैं हरमनप्रीत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की सीनियर पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि वह अपने करियर में आज तक विश्व कप में पदक नहीं जीत पाये हैं और इस कमी को 2026 में होने वाले टूर्नामेंट में पूरा करना चाहते हैं। भारत ने विश्व कप में अभी तक तीन पदक जीते हैं। उसने 1971 (बार्सिलोना) में कांस्य, 1973 में रजत (एम्स्टेलवीन, नीदरलैंड) और 1975 (कुआलालंपुर) में स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद से ही भारतीय टीम विश्वकप में पदक नहीं जीत पायी है। हरमनप्रीत तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। पेरिस ओलंपिक खेलों में उनकी कप्तानी में टीम ने कांस्य पदक जीता था। वह 2016 में लखनऊ में जूनियर विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य भी थे। हरमनप्रीत ने कहा कि हमारा लक्ष्य हमेशा ओलंपिक में स्वर्ण पदक और विश्व कप में पदक जीतना होगा। हमने पेरिस में जिस तरह से प्रदर्शन किया उससे पता चलता है कि हम किसी भी शीर्ष टीम का सामना करके जीत हासिल कर सकते हैं।

# गिरावट के साथ खुले शेयर बाजार

## सेंसेस 300 अंक टूटा, निटी 24,140 पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वैश्विक बाजारों से मिलेजुले संकेतो की वजह से सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 ने धीमी शुरुआत की। यह गिरावट सितंबर तिमाही के अपेक्षा से कम जीडीपी आंकड़ों के कारण हुई। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 306 अंक की गिरावट के साथ 79,496.63 पर खुला। वहीं निफ्टी 50 24,140.85 पर कारोबार करता दिखा। सोमवार को बीएसई सेंसेक्स में 30 में से 24 शेयर लाल निशान में कारोबार करते दिखे। इसमें इंफोसिस, एनटीपीसी और एलएंडटी सबसे ज्यादा नुकसान में



रहे। बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.19 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई, जबकि बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.06 फीसदी नीचे रहा। सोमवार सुबह के कारोबार में निफ्टी बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज और एफएमसीजी सेक्टर में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। वहीं बीते हफ्ते भारतीय शेयर बाजार ने मजबूती के साथ समाप्ति की। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 0.96 फीसदी बढ़कर 79,802.79 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 0.91 फीसदी की बढ़त के साथ 24,131.10 पर बंद हुआ। एशिया-प्रशांत बाजारों ने नए हफ्ते की शुरुआत सकारात्मक संकेतों के साथ की। निवेशक जापान, कोरिया और चीन सहित प्रमुख देशों से आने वाले आर्थिक आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं। चीन ने सप्ताहांत में नवंबर का आधिकारिक पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) डेटा जारी किया। मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 50.3 पर पहुंचा, जो अप्रैल के बाद का उच्चतम स्तर है। यह अक्टूबर के 50.1 और अर्थशास्त्रियों के 50.2 के अनुमान से थोड़ा बेहतर है। वहीं एशियाई बाजारों में तेजी देखने को मिल रही है। निक्केई 0.33 फीसदी चढ़ा, जबकि टॉपिक्स इंडेक्स 0.77 फीसदी बढ़ा। कोस्पी 0.85 फीसदी और एएसएक्स 200 में 0.35 फीसदी की बढ़त रही। अमेरिकी शेयर बाजार भी पिछले हफ्ते मजबूती के साथ बंद हुए। शुक्रवार को डॉव जोंस और एसएंडपी 500 ने रिकॉर्ड स्तर छुआ।

# राज्यमंत्री ने चंडी माता देवी के दर्शन कर दो दिवसीय पदयात्रा का शुभारंभ किया









**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने मंगलवार को सोहावल में स्थित चंडी माता मंदिर में पूजा-अर्चन कर दो दिवसीय संकल्प पदयात्रा का शुभारंभ किया। संकल्प पदयात्रा के दौरान राज्यमंत्री बागरी ने कहा कि सेवा और समर्पण से जनकल्याण के कार्यों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प है। यह पदयात्रा हमारी आस्था और जनता के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है। इस मौके पर रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह, पूर्व महापौर ममता पाण्डेय, विमला पाण्डेय, राजाराम त्रिपाठी सहित बडी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य जन तथा नगरवासी श्रद्धालु उपस्थित रहे।

राज्यमंत्री बागरी द्वारा निकाली गई शारदा माई दर्शन संकल्प यात्रा सोहावल स्थित चंडी माता मंदिर से प्रारंभ होकर लोटस सिटी, पेप्टेक सिटी, सिटी पार्क, पतेरी चौराहा, विराट नगर, उमरी हनुमान मंदिर, कोठी तिराहा, मोटल चौरा (भरहुत होटल), शिव मंदिर गली नम्बर 5 राजेन्द्र नगर, खूंथी मोड, दोपहर धवारी, प्रेमनगर तिराहा, सिटी कोतवाली, गौशला चौक, डाली बाबा तिराहा, बायपास तिराहा (भोजन), सतना नदी, तिघरा, लोहरौरा, बांधी मौहार अहरी टोला, लगरगवां, गुढुआ, भरहुत मोड, कुंदहरी मोड, अकहा, पिपरी होते हुए उचेहरा पहुंची। संकल्प पदयात्रा के दौरान राज्यमंत्री बागरी का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर आत्मीयता पूर्ण भव्य स्वागत और आगवानी की गई।

**मैहर में मां षारदा के दर्षन के बाद पदयात्रा का होगा समापन**

प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी पद यात्रा के दूसरे दिन 4 दिसंबर को प्रातः 9 बजे उचेहरा बंधन पैलेस से यात्रा प्रारंभ करेंगी। राज्यमंत्री प्रातः 9.15 बजे मिड-वे एमपीटी, प्रातः 10.30 बजे रामजी ढाबा टोल प्लाजा, दोपहर 11.30 बजे रमपुरवा मोड, दोपहर 1 बजे मैहर विधानसभा की शुरूआत करेंगी। इसी प्रकार राज्यमंत्री दोपहर 2.30 बजे जीतनगर पेट्रोल पम्प, दोपहर 3 बजे ओइला मंदिर, दोपहर 3.30 बजे वल्लभ नगर, सायं 4 बजे अम्बेडकर नगर, सायं 4.15 बजे पूर्व दरवाजा, सायं 4.45 बजे घंटाघर, सायं 5 बजे अग्रसेन चौक, सायं 5.15 बजे नगर पालिका चौक, सायं 6 बजे बडा अखाडा, सायं 6.30 बजे बंधा बैरियल होते हुए सायं 7 बजे मैहर में मां शारदा देवी के दर्शन कर पदयात्रा का समापन होगा।

## ऑटो पार्ट्स शोरूम में लगी भीषण आग
### काबू पाने के लिए जुटी 40 फायर ब्रिगेड की टीमें, 4 घंटों तक डाला पानी



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना के गहरा नाला स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में सोमवार रात ऑटो पार्ट्स शोरूम में भीषण आग लग गई। दो मंजिला और बेसमेंट वाली इस दुकान में लगी आग ने पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें और धुएं का गुबार आसपास के इलाकों में दिखाई दे रहा था।

जानकारी के अनुसार घटना करीब 9:30 बजे विंध्या मोटर्स नामक शोरूम में लगी। सूचना मिलते ही नगर निगम के दमकल वाहन और फायर सेफ्टी टीम मौके पर पहुंची। निगमायुक्त शेर सिंह मीणा, सीएसपी महेंद्र सिंह चौहान और टीआई सुदीप सोनी मौके पहुंचे। पुलिस की मौजूदगी में आग पर काबू पाने की कोशिश की गई, लेकिन आग लगातार भड़कती रही। दुकान में रबर, प्लास्टिक, फोम और भारी मात्रा में मोबिल ऑयल का स्टॉक होने के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था।

**आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चला है:** करीब 4 घंटे तक 40 दमकल गाड़ियों से पानी उड़ेला गया, लेकिन आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका। दुकान के मालिक हरेंद्र जौली हैं। महापौर योगेश ताम्रकार भी मौके पर पहुंचे और फायर सेफ्टी ऑपरेशन की जानकारी ली। बस व्यवसायी और बसपा नेता रत्नाकर चतुर्वेदी शिवा सहित कई व्यापारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## हिंदू रक्षा समिति के बैनर तले प्रदर्शन
### साधु-संतों और हिंदू संगठनों ने बांग्लादेश सरकार के खिलाफ की नारेबाजी



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में चित्रकूट के धुस मैदान से कर्वी तहसील तक सैकड़ों लोगों ने विरोध मार्च निकाला। बांग्लादेशी हिंदू रक्षा समिति के बैनर तले आयोजित इस प्रदर्शन में साधु-संतों और हिंदू संगठनों ने बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।


प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में हिंदुओं के धार्मिक स्थलों पर हो रहे हमलों, मंदिर तोड़फोड़ और मारपीट की घटनाओं पर आक्रोश जताया। इसके साथ ही इस्कॉन के सन्यासी चिन्मय कृष्ण दास की अवैध गिरफ्तारी को हिंदू समाज पर सीधा हमला बताया।

**बांग्लादेशी भाई-बहनों की रक्षा करने के लिए तैयार:** इस दौरान प्रदर्शन के बाद डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की गई कि वे बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचारों पर सख्त कदम उठाएं। साधु-संतों ने सरकार को चेतावनी दी कि अगर जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। हिंदू समाज शस्त्र उठाकर अपने बांग्लादेशी भाई-बहनों की रक्षा करने के लिए तैयार होगा। उनका कहना है कि हिंदुओं पर हो रहे हमलों के प्रति भारत सरकार की चुप्पी अस्वीकार्य है।

इस विरोध प्रदर्शन ने पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल गरमा दिया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि अगर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों पर रोक नहीं लगी, तो यह आंदोलन और उग्र रूप लेगा।

"हमारे मंदिरों को तोड़ा जा रहा है, संतों को गिरफ्तार किया जा रहा है। हमारे समाज को अपमानित किया जा रहा है। यह सहन नहीं किया जाएगा।" चित्रकूट में हुए इस प्रदर्शन ने हिंदू समाज के भीतर बढ़ते असंतोष को एकजुट कर दिया है। अब यह देखना होगा कि सरकार इस मुद्दे पर क्या कदम उठाती है।

# डिफेंस कॉरिडोर का निर्माण, कॉरिडोर बनने से तेजी से बढ़ेंगे रोजगार, ड्रोन से लेकर मिसाइल तक होगी तैयार



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** उत्तर प्रदेश में विकसित हो रहे डिफेंस कॉरिडोर के छह जिलों में से एक, चित्रकूट, औद्योगिक और तकनीकी विकास की नई ऊंचाइयों को छूने की तैयारी में है। पहाड़ी ब्लॉक के बकटा बुजुर्ग क्षेत्र में 102 हेक्टेयर भूमि पर इस अत्याधुनिक परियोजना का निर्माण किया जा रहा है। यहां ड्रोन, मिसाइल और डिफेंस तकनीकों का निर्माण होगा। अब तक परियोजना के लिए 60% भूमि का अधिग्रहण हो चुका है, जबकि शेष भूमि अधिग्रहण का कार्य तेजी से चल रहा है।

**पर्यावरण मंत्रालय से मिली मंजूरी:** इस परियोजना को पर्यावरण मंत्रालय की मंजूरी मिलने के बाद निर्माण कार्य में और गति आ गई है। जिला प्रशासन और अन्य विभागों के अधिकारी भूमि अधिग्रहण और आधारभूत तैयारियों में जुटे हुए हैं। परियोजना के तहत पर्यावरण संरक्षण के लिए हरित क्षेत्र भी विकसित किया जाएगा, ताकि तकनीकी विकास के साथ पर्यावरण का संतुलन भी बना रहे।

**स्थानीय रोजगार और विकास को मिलेगा बढ़ावा:** डिफेंस कॉरिडोर के निर्माण से चित्रकूट के युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर मिलेंगे। परियोजना से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि यह कॉरिडोर आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक विकास की नींव रखेगा। साथ ही, छोटे और मध्यम उद्यमों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

**चित्रकूट की नई पहचान:** डिफेंस कॉरिडोर के निर्माण से चित्रकूट, जो अब तक अपने धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के लिए जाना जाता था, अब तकनीकी और औद्योगिक विकास के लिए भी पहचाना जाएगा। यह परियोजना न केवल रोजगार के अवसर पैदा करेगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति देगी।

**स्थानीय उत्साह चरम पर:** परियोजना को लेकर स्थानीय युवाओं और निवासियों में भारी उत्साह है। उनका मानना है कि डिफेंस कॉरिडोर से क्षेत्र के समग्र विकास के साथ-साथ उनकी आजीविका में भी सुधार होगा। जिला प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि भूमि अधिग्रहण और निर्माण कार्य समय सीमा के भीतर पूरा किया जाएगा, जिससे चित्रकूट में इस परियोजना का लाभ जल्द ही देखने को मिलेगा।

## जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की उपलब्धता

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** जिला विपणन अधिकारी नेहा तिवारी ने किसान भाईयों को जानकारी देते हुए बताया कि सतना और मैहर जिले के डबल लॉक केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। रबी फसल हेतु डी.ए.पी. खाद का वितरण सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए प्रात 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक टोकन वितरण किये जा रहे है। किसान भाई केन्द्रों से टोकन प्राप्त कर सुगमता से खाद प्राप्त कर सकते है। उपलब्धता की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि मैहर जिले के भण्डारण केन्द्र अमरपाटन में 50 मेंं.टन डी.ए.पी. एवं 100 में. टन यूरिया, मैहर में 25 में.टन डी. ए. पी. एवं 500 में. टन यूरिया, रामनगर में 90 में टन डी.ए.पी. एवं 521 में. टन यूरिया तथा सतना जिले के शेरगंज में 150 में.टन डी.ए.पी., सिविल लाइन 30 में.टन डी. ए. पी. एवं 50 में. टन यूरिया, उचेहरा 80 में.टन डी.ए.पी. एवं 30 में. टन यूरिया, नागौद में 130 में.टन डी. ए. पी. एवं 30 में. टन यूरिया उर्वरक है।

## जिले में नरवाई जलाने की 497 घटनायें सैटेलाइट मैपिंग में आई सामने

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों विशेषतः धान एवं गेहूं की फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है। जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अनुराग वर्मा द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधित व्यक्ति पर तत्काल पात्रतानुसार जुर्माना अधिरोपित करते हुये आग के कारण का पंचनामा तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये हैं। लेकिन प्रतिबंधों के बावजूद भी जिले में नरवाई जलाने की घटनायें सामने आ रही हैं। दो एकड़ से कम भूमिधारक कृषकों द्वारा राशि 2500 रूपये प्रति घटना, दो एकड़ से अधिक पांच एकड़ से कम भूमिधारक कृषकों द्वारा राशि 5000 रूपये प्रति घटना तथा पांच एकड़ से अधिक भूमिधारक कृषकों द्वारा राशि 15000 रूपये प्रति घटना पर्यावरण क्षतिपूर्ति देय होगी।

# प्रदूषण नियंत्रण शपथ एवं नर्सिंग छात्राओं की रैली आयोजित




**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** विश्व प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी ने सीएमएचओ कार्यालय में कार्यालयीन समस्त स्टाफ को पर्यावरण को संरक्षित करने की शपथ दिलाई गई। तदुपरांत नर्सिंग छात्राओं द्वारा इसी तारतम्य में रैली का आयोजन किया गया। यह रैली सीएमएचओ कार्यालय से प्रारंभ होकर धवारी चौराहा से कलेक्ट्रेट होते हुए नर्सिंग कॉलेज में समाप्त हुई। इस अवसर पर सीडीपीएम डॉ निर्मला पाण्डेय, एपीडेमियोलाजिस्ट डॉ. प्रदीप गौतम, एम एंड ई अधिकारी नृपेश सिंह, सुनील दुबे, अभिषेक सिंह, आरती मिश्रा, प्राचार्य नर्सिंग कॉलेज एवं नर्सिंग स्टाफ़ सहित कार्यालयीन स्टाफउपस्थित रहे।

सीएमएचओ डॉ. तिवारी ने यह शपथ दिलाई कि मैं पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के लिए सक्रिय रूप से प्रयास करूंगा। एकल उपयोग प्लास्टिक का उपयोग कम करूंगा, पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण को बढ़ावा दूंगा, जैसे बाजार में हमेशा कपड़े का थैला लेकर जाएंगे। पानी की बचत करूंगा और जल संकट के प्रति जागरूकता फैलाऊंगा। बिजली बचाऊंगा और ऊर्जा-संवर्धक उत्पादों का उपयोग करूंगा। पैदल चलने, साइकिल चलाने और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करूंगा। वृक्षारोपण और जैव विविधता के संरक्षण में भाग लूंगा। पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों और सेवाओं को प्राथमिकता दूंगा। खाद्य अपव्यय कम करूंगा और स्थानीय खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता दूंगा।

## घरेलू विवाद में महिला ने खाया जहर, मौत
### लंबे समय से चल रहा था झगड़ा, तीन बच्चों के सिर से उठा मां का साया



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र के कपसेठी गांव में पारिवारिक कलह एक बड़ी घटना में बदल गई। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे फूल कुमारी (40) ने घरेलू विवाद के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर पति धनराज यादव ने तुरंत उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने फूल कुमारी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें प्रयागराज रेफर कर दिया। लेकिन धनराज यादव ने उन्हें सतना ले जाने का निर्णय लिया। दुर्भाग्यवश, सतना पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी मौत हो गई।

**मौत के बाद परिवार में मचा कोहराम:** फूल कुमारी की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक महिला के तीन छोटे बच्चे हैं। जिन पर अब मां का साया नहीं रहा। गांव में इस घटना को लेकर शोक की लहर है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पारिवारिक विवाद लंबे समय से चल रहा था। जो इस दुखद घटना का कारण बन गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन
## कलेक्टर की उपस्थिति में सिविल लाइन चौपाटी में हुआ कार्यक्रम








**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** विश्व दिव्यांग दिवस के मौके पर मंगलवार को सिविल लाइन चौपाटी में कलेक्टर अनुराग वर्मा की उपस्थिति में खेलकूद तथा सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय दिव्यांग दिवस के कार्यक्रम में स्नेह सदन स्पेशल स्कूल एवं प्रेम सदन स्कूल कोठी के लगभग 100 दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलकूद की प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, गायन जैसी विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर अनुराग वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कलेक्टर ने दिव्यांग विद्यालयों के छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर तथा पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात दौड, म्युजिकल चेयर रेस, हाफजम्प, फ्रांग जम्प तथा गीत-संगीत के विविध कार्यक्रमों में दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलेक्टर ने सभी छात्र-छात्राओं को उपहार भेंटकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा शुभकामनायें दी। कार्यक्रम के दौरान 2022 में एमपीपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले दिव्यांग छात्र संदीप कुमार चतुर्वेदी को भी कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपसंचालक सामाजिक न्याय सौरभ सिंह, स्नेह सदन की प्राचार्य किरण, प्रेम सदन की विक्टिमा, जिला युवा समन्वय खेल विभाग ज्योति तिवारी, जिला खेल प्रशिक्षण रमा उइके, समग्र अधिकारी स्वेता सक्सेना, ज्योति गर्ग, फिजियोथेरेपी डॉ. अमर सिंह, सामाजिक न्याय विभाग के पुण्यवती गुप्ता, उमाशंकर गौतम, गणेश कुशवाहा, समाजसेवी रामप्रकाश त्रिपाठी सहित स्नेह सदन और प्रेम सदन विद्यालय का शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन केके शुक्ला द्वारा किया गया।

## हम होंगे कामयाब अभियान: जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम की दी गई जानकारी

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए हम होंगे कामयाब अभियान अंतर्गत जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान 25 नवंबर से 10 दिसंबर 2024 के कलेक्टर अनुराग वर्मा के निर्देशानुसार सम्पूर्ण जिले में आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में उचेहरा में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से महिला सुरक्षा सेल प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक महादेव नागोटिया द्वारा बालिकाओं को आत्मरक्षा के संबंध में सूत्र बताएं एवं नैतिक मूल्य के संबंध में जानकारी दी गई। महिला थाना प्रभारी प्रियंका पाठक द्वारा गुड टच बैड टच एवं पोक्सो की जानकारी प्रदान की गई। उचेहरा थाना प्रभारी सतीश मिश्रा द्वारा बेटी की पेटी विद्यालय में स्थापित की गई। जिसमें बालिकाएं अपनी समस्याएं लिखकर पेटी में डाल सकती हैं। उचेहरा थाना की ऊर्जा महिला डेस्क द्वारा समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। महिला बाल विकास श्यामकिशोर द्विवेदी द्वारा बाल विवाह निषेध अधिनियम के संबंध में जानकारी दी गई।

## बाइक पुलिया से टकराई, युवक की मौत
### साथी गंभीर, मेडिकल कॉलेज रेफर, प्रयागराज जाते समय हुआ हादसा

**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट में मंगलवार सुबह सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गयी। बांदा के बबेरू तहसील क्षेत्र के हरदौली गांव के निवासी सलमान मोटरसाइकिल से प्रयागराज जा रहा था। शिवरामपुर के पास सुबह करीब 10 बजे उनकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेजा। अस्पताल में डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्रयागराज रेफर कर दिया।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।